रांची, शनिवार, 22 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 8 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 196, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ ट्रंप के टैरिफ से आया दुनिया में नया आर्थिक भूचाल

रशिका ने थामा के सेट से पोस्ट किया शेयर ◂◂ 6


## सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण के विरोध में आज रांची बंद

# सड़कों पर उतरे समर्थक, कई जगहों पर आगजनी कर लगाया जाम

**रिंग रोड से एयरपोर्ट तक करा रहे बंद, अलर्ट मोड पर पुलिस, नहीं चला पब्लिक ट्रांसपोर्ट**

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में सिरम टोली फ्लाईओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर आज रांची बंद बुलाया गया है। इस बंद का नेतृत्व सिरम टोली बचाओ मोर्चा कर रहा है। मोर्चा ने यह साफ कर दिया है कि परीक्षा देने वाले छात्र, एंबुलेंस और दवा दुकानों को बंद से छूट दी जाएगी। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने रांची के नागरिकों से शांतिपूर्ण बंद में सहयोग करने की अपील की है।

सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण विवाद को लेकर बुलाया गया रांची बंद का असर कई इलाकों में दिखने लगा है।





लोवाडीह चौक के पास बंद समर्थकों ने आने- जाने वाले वाहनों को रोक दिया है। वे जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया है। वहीं, कांके में भी यही स्थिति है। बंद समर्थकों ने मुख्य सड़क पर आवागमन रोक दिया। मुख्य चौक चौराहों की दुकानें बंद हैं। वहीं, सिरम टोली चौक पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। स्टेशन की तरफ आने-जाने वाले ऑटो रिक्शा का परिचालन सामान्य दिनों की तरह ही है। प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी आगजनी कर कई जगहों पर सड़क जाम किया गया है। सरना समिति के सदस्यों ने टायर जलाकर लोवाडीह थाना क्षेत्र में सड़क को जाम किया। कांके चौक पर पड़हा के बैनर तले आदिवासी संगठनों ने विरोध किया।

## महिला ने जुड़वा बच्चों के साथ की आत्महत्या

- परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से की उचित जांच और पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग

संवाददाता

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आयी है। जहां 22 वर्षीय शिवी देवी (पत्नी दिलीप यादव) ने अपने ढाई माह के जुड़वा बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

स्थानीय लोगों और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शिवी देवी का पति दिलीप यादव रोजगार के सिलसिले में बाहर रहता था। उनके द्वारा आशंका जताई जा रही है कि मानसिक तनाव के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। हालांकि, आत्महत्या के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

इस घटना की सूचना मिलते ही एसआई रंजीत कुमार और एएसआई विनोद कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं। पुलिस ने महिला और उसके दोनों शिशुओं (प्रियांशु व दिव्यांशु) के जले हुए शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शिवी देवी पिछले कुछ समय से तनाव में थी लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा लेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के पीछे की असली वजह जानने का प्रयास कर रही है। परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित जांच और पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं महिला किसी तरह के पारिवारिक या सामाजिक दबाव में तो नहीं थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अररिया में एनकाउंटर, आरा और पूर्णिया तनिष्क शोरूम लूटकांड का मास्टरमाइंड ढेर



एजेंसी

**अररिया :** जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र में पटना एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें नरपतगंज थानेदार, एसटीएफ के दो जवान समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो अपराधी को गोली लगी है। इसमें से एक अपराधी भागने में कामयाब हो रहा। वहीं दूसरे अपराधी (पलासी के मजलिसपुर निवासी चुनमुन झा) को तीन गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। अस्पताल में पुलिसकर्मियों की भीड़ लगी है।

**अपने गैंग के साथ छिपा था चुनमुन झा:** बताया जा रहा है कि पटना एसटीएफ को सूचना मिली कि पूर्णिया में तनिष्क ज्वेलरी शॉप लूटकांड का आरोपी चुनमुन झा अपने गैंग के साथ नरपतगंज में छिपा हुआ है। इस पर एसटीएफ की टीम, स्थानीय पुलिस के सहयोग से, उसे पकड़ने के लिए थलहा नहर के पास पहुंची। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस मुठभेड़ में चुनमुन झा को सीने और पैरों में गोली लगी, जिससे वह अचेत होकर गिर गया। वहीं एक और अपराधी को पर में गोली लगी है जो भागने में सफल रहा है। जबकि नरपतगंज थानेदार भी घायल हुए हैं। फिलहाल घायल चुनमुन झा को लेकर पुलिस अररिया सदर अस्पताल पहुंची लेकिन वहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया ऑटो रिक्शा

## एक ही परिवार के तीन लोगों सहित 4 की मौत

**पटना :** बिहार में पश्चिमी चंपारण जिले के बाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोग समेत चार लोगों की मौत हो गई।

**खड़ी ट्रॉली से टकराया ऑटो रिक्शा:** बगहा के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने शनिवार को बताया कि बाल्मीकि नगर थाना के भेड़ीहारी वर्मा टोला निवासी राकेश कुशवाहा (55) अपनी दादी जानकी देवी का लौकरिया थाना क्षेत्र के हनार्टांड़ बाजार से इलाज कराकर अपनी बहू प्रियंका देवी (32) वर्ष एवं पोता दिव्यांशु (08) के साथ ऑटो रिक्शा से घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि घर के काफी नजदीक पहुंचने के पहले बगहा बाल्मीकि नगर मुख्य सड़क पर भेड़ीहारी के निकट पहले से खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली में ऑटो रिक्शा चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में ऑटो रिक्शा पर सवार सभी लोग घायल हो गए।

**परिजनों में मचा कोहराम**

वहीं, इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए बाल्मीकि नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने राकेश कुशवाहा, उनकी बहू प्रियंका देवी, पोता दिव्यांशु वर्ष एवं ऑटो रिक्शा चालक अमीन महतो (45) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद जानकी देवी को बेहतर इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया।

## नायक नहीं खलनायक हूं मैं, सीएम नीतीश कुमार को लेकर आरजेडी का पोस्टर वार

एजेंसी

**पटना :** बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के सामने पोस्टर लगाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है, जिसपर नायक नहीं खलनायक हूं मैं लिखा हुआ है। बिहार में चुनावी साल में राजनीतिक गलियारों में पोस्टर वॉर चरम पर है। राजद नेताओं की ओर से पोस्टर वार जारी है। राजद ने राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक नया पोस्टर लगाया है। इस पोस्टर के जरिए राजद ने नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। इस पोस्टर में नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए नायक नहीं, खलनायक हूं मैं लिखा गया है।




पोस्टर के जरिए नीतीश कुमार पर महिलाओं, महात्मा गांधी और राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर राजद नेता और जहानाबाद के मखुदमपुर से पूर्व जिला पार्षद संजू कोहली की ओर लगवाया गया है। पोस्टर पर लिखा गया है, हां मैंने किया है महिलाओं का अपमान, गांधी जी का किया है अपमान, अब हो गया है राष्ट्रगान का अपमान, जी हां मैं हूं खलनायक।

अभी हाल ही में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को लेकर एक पोस्टर लगाया गया था। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की जांच और पूछताछ को लेकर लालू के संदर्भ में लिखा गया था, ना झुका हूं, ना झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है। राजद की ओर से एक और पोस्टर लगाया गया था। यह पोस्टर बढ़ते अपराध को लेकर था। पोस्टर में लिखा गया था, धृतराष्ट्र की सरकार है कुर्सी कुमार। बिहार में अपराधियों की बहार है क्योंकि 18 साल से सत्ता में एनडीए की सरकार है।

## डोरंडा में फायरिंग, चार युवकों को लगी गोली

संवाददाता

**रांची:** डोरंडा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात जेल में बंद एक अपराधी के गुर्गों ने आपसी विवाद के बाद फायरिंग कर दी, इस गोलीबारी में चार युवकों को गोली लगी है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**मारपीट के बाद फायरिंग:** डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलादर मोहल्ले में दो गुटों में झड़प के बाद फायरिंग की गई है। जिसमें चार लोगों को बुलेट्स लगी हैं, वहीं कई अन्य घायल भी हुए है। स्थानीय लोगों के द्वारा छह लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने चार लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही है।

गोलीबारी में घायल हुए इमरान नाम के युवक ने बताया कि जेल में बंद अपराधी अली के गुर्गों के द्वारा फायरिंग की गई है। इमरान के अनुसार अली के गुर्गों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी, मामला थाने तक भी पहुचा था।



लेकिन विवाद नहीं थमा। इसी मामले के बाद दोनों गुट शुक्रवार रात आपस मे भिड़ गए। जिसमे अली के लोगो ने फायरिंग कर दी। रमजान की वजह से डोरंडा के बेलादर मोहल्ले में देर रात होने के बाद भी चहल पहल थी, लेकिन फायरिंग के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। इसमें भी कुछ लोग घायल हुए हैं।

**पुलिस ने शुरू की छापेमारी:** मामले की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी, हटिया डीएसपी, डोरंडा थानेदार, चुटिया थानेदार, लोअर बाजार थानेदार सहित भारी संख्या में बल ने पूरे बेलादर मोहल्ले को घेर लिया। गोलीबारी में शामिल होने के शक में एक दर्जन से ज्यादा को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया है। सबसे पूछताछ चल रहा है। पुलिस इलाके में कैम्प कर रही है।

# 65 दिन, 74 मैच, आज से शुरू हो रहा है क्रिकेट का महाकुंभ

**आईपीएल 2025 : कोलकाता में आज से शुरू होगा क्रिकेट का उत्सव, केकेआर-आरसीबी के बीच खेला जाएगा पहला मैच**

एजेंसी

**कोलकाता :** दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग आईपीएल का धूमधड़ाका शनिवार से शुरू हो रहा है। अब 65 दिनों तक चलने वाले क्रिकेट के इस उत्सव में चौके-छक्कों की बरसात होगी और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट होगी। लीग के 18वें सत्र का पहला मैच शनिवार को कोलकाता के ईडन गॉर्डन में गत विजेता केकेआर और आरसीबी के बीच होगा। इस संस्करण में पुराने सितारे दमखम दिखाने की कोशिश करेंगे, तो कुछ युवा भी अपनी चमक से राष्ट्रीय टीम की दावेदारी दिखाएंगे। तो तैयार हो जाइये। 10 टीमों के महामुकाबले के लिए। 13 स्टेडियमों में 74 मैचों के बाद 25 मई को नए विजेता का फैसला होगा।

**पहला मैच कोलकाता-बेंगलुरु के बीच**

आईपीएल में इस बार कई टीमों के साथ नए कप्तान होंगे तो नए नियम भी लागू होंगे, टीमें भी बदली होंगी और भावनाएं भी अपने चरम पर होंगी, बस आईपीएल की चमक नहीं बदली होगी। इस दौरान 12 डबल हेडर के मुकाबले भी खेले जाएंगे। दिन के मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से तो शाम के मुकाबले साढ़े सात बजे से खेले जाएंगे। हालांकि, शनिवार को होने वाले उद्घाटन मुकाबले पर बारिश के साये की आशंका है। बावजूद इसके क्रिकेट के रंग पर मनोरंजन का तड़का लगाने की पूरी तैयारी है।



**कई नए कप्तान दिखाएंगे दम**

इस बार कई टीमें नए कप्तान के साथ खिताबी ताल ठोकेंगी। इनमें चौंकाने वाला नाम आरसीबी के रजत पाटीदार का है। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे, जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। ऋषभ पंत इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हैं।

**धोनी, विराट, रोहित भी बिखेरेंगे चमक**

इस बार पुराने धुरंधरों का जलवा भी देखने को मिलेगा। 264 आईपीएल मैच खेलने वाले धोनी चेन्नई की, 252 मैच खेलने वाले विराट आरसीबी और 257 मैच खेलने वाले रोहित शर्मा मुंबई की शोभा बढ़ाएंगे। 185 मैच खेलने वाले रहाणे, 212 मैच खेलने वाले अश्विन, मनीष पांडे (171 मैच) रविंद्र जडेजा (240 मैच) की चमक भी देखने को मिलेगी।

**रिवर्स स्विंग का दिखेगा जलवा**

आईपीएल-18 में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लार पर से प्रतिबंध को हटाकर किया गया है। कप्तानों की बैठक में सहमति के बाद गेंदबाज अब आईपीएल में गेंद को चमकाने के लिए लार का प्रयोग कर सकेंगे। कोरोना काल के बाद यह पहला अवसर होगा जब गेंदबाज रिवर्स स्विंग के लिए लार का प्रयोग कर सकेंगे। अब यह देखना होगा कि इस बार रिवर्स स्विंग के दम पर भारी-भरकम स्कोर पर रोक लगेगी या पहली बार 300 का स्कोर देखने को मिलेगा।

**रात के मैचों में बदली जा सकती है गेंद**

लार के अलावा अन्य बदले गए नियमों में अंपायर को दूसरी गेंद देने का भी अधिकार होगा। शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद के इस्तेमाल की अनुमति दे सकते हैं। साढ़े तीन बजे से होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीमें ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) का उपयोग कर सकती हैं। हालांकि इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।

**13 साल के वैभव पर सबकी नजर**

धोनी से ठीक 30 साल छोटे 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। वह राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हैं। उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है, यह देखने वाली बात होगी। मुंबई को मुश्ताक अली ट्रॉफी में जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यांश शेडगे पंजाब के लिए चमक बिखेरेंगे। दिल्ली प्रीमियर लीग में एक ओर में छह छक्के लगाने वाले प्रियांश आर्या भी पंजाब से खेलेंगे।


## स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार उठा रही ठोस कदम

# राज्य में कई बीमारियों के उन्मूलन के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं : मुख्यमंत्री

हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने की जरूरत

**मेट्रो रेज**

**रांची :** जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान-पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां (नॉन कम्युनिकेबल डिजीज) लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही हैं। हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही हैं। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ। रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान-पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों (फिजिकल एक्टिविटीज) पर फोकस करने की जरूरत है। अगर हम लापरवाही बरतते हैं तो आगे चलकर ऐसी बीमारियों के इलाज में काफी खर्च करना पड़ सकता है, वहीं पूर्ण स्वस्थ होने की गारंटी भी नहीं दी जा सकती है।

पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर जोर : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही हैं, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है, ताकि बीमारी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग बीमारियां : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती हैं। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम हैं तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है। ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही हैं। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है, ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढियां को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

### अपने खान-पान में मिलेट्स का करें उपयोग, जंक फूड्स से रहें दूर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इसके पीछे कहीं न कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खान-पान है। आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूडस का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है तो अपने खान-पान में लोकल इंडिजिनस फूड्स (मिलेट्स) लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें। आज हमें अपने फूड हैबिट्स में बदलाव लाना बेहद जरूरी है। जन्म के साथ होने वाली बीमारियों की जांच के साथ इलाज की व्यवस्था होनी चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बच्चों में जन्म के साथ कई बीमारियां हो जाती हैं। बीमारियों का अगर समय पर इलाज नहीं हुआ तो बच्चे की स्थिति काफी खराब हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि नवजात में होने वाली बीमारियों की प्रॉपर जांच के साथ उसका तुरंत समुचित इलाज होना चाहिए। इस दिशा में भी हमारी सरकार ने कई ठोस कदम उठाया है, ताकि बच्चों को रोग मुक्त रख सकें। यूनिसेफ जैसे संस्थाओं की भागीदारी सराहनीय : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। आज राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि जंगल, पहाड़ों, तलहटी और सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी इलाज की अच्छी सुविधा उपलब्ध करा सकें और इसमें स्वयंसेवी संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कई रोगों के उन्मूलन की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायक गण, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डॉ। कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विस सत्र में कोई भी विधायक स्कूलों के री एडमिशन पर चर्चा क्यों नहीं करते : निपु सिंह

**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री एवं रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने कहा कि मिडिल क्लास स्कूल फीस किताब का शुल्क और री एडमिशन से तंग आ चुका है ।

हेमंत सोरेन की सरकार मिडिल क्लास के लोगों के शोषण पर खामोश है किसी भी प्रकार की रियायत नहीं देना चाहती है। सुसंगठित ढंग से शिक्षा माफिया मिडिल क्लास के लोगों का शोषण



कर रहे हैं जन जागरुकता के अभाव में इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रतिपक्ष भी खामोश है इसलिए इस संवेदनशील मुद्दे पर राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी ने आंदोलन चलाने पर विचार कर रही हैं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने सभी विधायकों पर सवाल उठाते हुए कहा कि विधानसभा सत्र का सतरह दिन होने वाला है कोई भी विधायक री एडमिशन की चर्चा क्यों नहीं करते हैं । उन्होंने कहा कि स्कूल री एडमिशन का नाम बदलकर डेवलपमेंट चार्ज और बिल्डिंग फंड कर के पैसा वसूली कर रहे हैं और हर साल फीस भी बढ़ा रहे हैं। इस पर सरकार क्यों नहीं गंभीर हो रही है । उन्होंने कहा कि आज मिडिल परिवार प्राइवेट स्कूल से तंग आकर कर्ज में डूबा है फीस नहीं देने पर माता-पिता को टेंशन दिया जाता है और कहा जाता है कि आपके बच्चे को एग्जाम से रोक दिया जाएगा। इतना ही नहीं क्लास में बच्चों को भी इंसल्ट किया जाता है। स्कूल फीस के कारण कई माता-पिता डिप्रेशन में आकर सुसाइड भी कर ले रहे हैं लेकिन सुसाइड का कारण कुछ और बताया जाता है। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि यह राज्य के लिए गंभीर समस्या है। सभी 81 विधायकों को मिलकर इस पर मंथन करना चाहिए और हमेशा के लिए री एडमिशन खत्म करना चाहिए और बढ़ते हुए फीस पर लगाम चाहिए ।

## बंद घर से 14 लाख की चोरी

**गोविंदपुर:** गोविंदपुर थाना अंतर्गत गोसाईडीह काली मंदिर के पीछे रहने वाले जितेंद्र कुमार चौरसिया के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने दो लाख 20 हजार रुपये नकद, जेवरात समेत 14 लाख की संपत्ति चुरा ली। श्री चौरसिया की सूचना पर गोविंदपुर थाना की पुलिस शुक्रवार को घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन की। श्री चौरसिया द्वारा थाना को दिये आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

सपरिवार अपने ससुराल गये थे गृहस्वामीः श्री चौरसिया ने थाना में दिये आवेदन में कहा है कि वह 20 मार्च को परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपनी ससुराल मिहिजाम गये थे। 21 मार्च को लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर सभी सामान



बिखरे थे और अलमीरा टूटा हुआ था। उसमें से उनकी पत्नी के 60 ग्राम सोने की तीन चेन, 40 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, सोने की कान बाली, नथिया के अलावा पायल, सिक्का एवं बिस्किट समेत डेढ़ किलो चांदी के जेवर गायब थे। अलमारी में रखें दो लाख 20 हजार रुपये भी गायब थे। इधर गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की छानबीन की है।

## आइएसएम के पूर्व छात्र संजीव कुमार सिंह बने एचसीएल के सीएमडी

**मेट्रो रेज**

**धनबाद:** कैबिनेट की अपॉइंटमेंट्स कमेटी (एसीसी) ने खान मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संजीव कुमार सिंह को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) का चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) नियुक्त किया है। संजीव कुमार सिंह आइआइटी आइएसएम के पूर्व छात्र हैं। श्री सिंह ने 1987 में बीटेक माइनिंग और 1989 में एमटेक (ओपन कास्ट माइन प्लानिंग) की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना कॅरियर 1987 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) में शुरू किया और विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए एनटीपीसी और एचसीएल में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रहे हैं। मार्च



2022 में, उन्होंने एचसीएल के डायरेक्टर (माइनिंग) का पद संभाला और खनन तकनीकों में नवाचार लाने में अहम भूमिका निभायी। उनकी नियुक्ति पर पैन आइआइटी एलुम्नाई के जनरल सेक्रेटरी अशोक कुमार ने इसे आइआइटी आइएसएम धनबाद के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने श्री सिंह के नेतृत्व में एचसीएल के परिचालन और नवाचार को नयी दिशा मिलने की उम्मीद जतायी है।

## जमीन विवाद को लेकर जमकर हंगामा, अबुआ आवास बनाने से रोका

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा (डोमचांच) :** प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत के ग्राम बीघा में जमीनी विवाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार बीघा निवासी महेंद्र मेहता अबुआ आवास बनाने का तैयारी कर रहा था जिसे लेकर उनके गांव के हीं गोतिया मिथिलेश मेहता पिता अयोध्या मेहता, हरिलाल मेहता पिता स्व. छोटू महतो, रूपलाल मेहता पिता स्व. केवल महतो, कृष्ण कुमार मेहता पैदा स्व. अभनी मेहता, जितेंद्र कुमार मेहता पिता गोविंद मेहता, लाल कुमार मेहता पिता हरि मेहता, संजय मेहता पिता स्व. रीतीलाल मेहता, विजय मेहता स्व. केदार मेहता, डब्लू कुमार मेहता पिता





सीताराम मेहता, बिट्ठू कुमार मेहता पिता सीताराम मेहता ने रोकते हुए कहा की ए हमलोग का जमीन है हमलोग यहां आवास बनने नहीं देंगे।इस सबंध में पीड़ित ने बताया की 4 से 5 महीने पहले से ए विवाद चल रहा है जिसे लेकर हमलोग सीओ को आवेदन दिए थे. जिसके पश्चात सीओ ने जाँच कर उक्त जमीन पर मुझे आवास बनाने का आदेश दिया, तब जाकर आवास बनाने का तैयारी कर हीं रहे थे कि गांव के हीं गोतिया लोग पुनः 21 मार्च को आवास बनाने का विरोध करने लगा। जिसकी सूचना पीड़ित द्वारा नवलशाही पुलिस को दिया. घटना की सूचना मिलते हीं नवलशाही थाना के एसआई राजीव कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। पीड़ित महेंद्र मेहता का कहना है कि मैं गरीब आदमी हूं. मेरा मिट्टी का मकान है जो ध्वस्त हो चुका है. फिलहाल किराए के मकान एक कमरा मे रहा हूँ। पड़ी मेंप्रशासन से न्याय की गुहार लगाया है।

### अटका शाखा का चुनाव संपन्न

# गोविंद मेहता सभापति व विजय मेहता मंत्री चुने गये

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरीडीह:** झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा,प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा अटका का चुनाव 20 मार्च को शिव पार्वती के प्रांगण लक्षी बागी अटका में रंजीत मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।केंद्र से आए सभी सम्मानित पदाधिकारी का भव्य स्वागत किया गया।समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक,आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है।चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत





कुमार मेहता,केंद्रीय समिति के सभापति,संरक्षक अंकेक्षक, महामंत्री,उप महामंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में अटका शाखा समिति का चुनाव झमाझम बारिश के दौरान बड़े गर्म जोश के साथ संपन्न हुआ।चुनावी सभा में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य के लिए आरती देवी शकुंतला देवी मुकेश कुमार मेहता द्वारिका प्रसाद मेहता,अर्जुन प्रसाद मेहता का चयन किया।वहीं शाखा सभापति गोविंद प्रसाद मेहता, उपसभापति अनीता देवी ,मंत्री विजय मेहता ,उप मंत्री प्रमोद कुमार ,कोषाध्यक्ष अरुण मेहता, शिक्षा मंत्री सन्नी कुमार सदस्य के लिए यशोदा देवी, रंजीत कुमार मेहता, रमेश कुमार मेहता, दशरथ मेहता,नेमचंद मेहता, विश्वनाथ मेहता, त्रिवेणी मेहता तथा गटी महतो बहादुर मेहता का चयन किया गया। संगठन की मजबूती के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया। चयनित शाखा समिति के पदाधिकारी एवं शांति सुरक्षा दल के सभी सदस्यों को अपने- अपने पद की गोपनीयता का शपथ दिलाया गया। मौके पर केंद्रीय समिति के सभापति भरत नारायण मेहता, उपसभापति बैजनाथ मेहता, महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद मेहता, संरक्षक लीलावती मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मेहता, क्षेत्रीय मंत्री नागेश्वर मेहता, विनोद मेहता, हीरालाल मेहता, शकुंतला मेहता, मुन्नीलाल मेहता, विभिन्न शाखा के मंत्री सभापति सहित अटका शाखा के सैकड़ो स्वजाति बंधु महिला उपस्थित रहे।

### न्यूज IN ब्रीफ

## स्वास्थ बीमा योजना की खामियों को दूर करे झारखंड सरकार: अजय साह



**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार द्वारा लागू की गई कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह योजना भी हर योजना की तरह कई खामियों से भरी हुई है, जिससे राज्य के कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले ही पुरानी मेडिकल रीइंबर्समेंट योजना" को खत्म कर दिया गया, जिससे कर्मचारी बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के रह गए हैं। यह सरकार की लापरवाही को दशार्ता है।

**अभी तक मात्र लगभग 2,000 कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही बने:**

अजय साह ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए कर्मचारियों का हेल्थ कार्ड बनवाना अनिवार्य है, लेकिन योजना लागू हुए 20 दिन हो चुके हैं, फिर भी मात्र लगभग 2,000 कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही बनाए गए हैं, जबकि झारखंड में 1।6 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी अभी भी इससे वंचित हैं। इसके बावजूद सरकार ने उनकी पहले से मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं को समाप्त कर दिया है, जिससे हजारों कर्मचारियों को चिकित्सा सेवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह राज्य सरकार की अव्यवस्थित कार्यशैली को दशार्ता है।

सूचीबद्ध अस्पतालों में मेडिका और मेदांता जैसे प्रमुख अस्पतालों का नाम नहींः साह ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में मेडिका और मेदांता जैसे प्रमुख अस्पतालों का नाम नहीं है, जबकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आमतौर पर लोग इन्हीं अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने सरकार की कथनी और करनी में अंतर को उजागर करते हुए कहा कि जब सरकार ने यह दावा किया था कि दुनिया के किसी भी अस्पताल में इलाज संभव होगा, तो फिर राज्य के ही प्रमुख अस्पताल इस सूची में क्यों नहीं हैं? उन्होंने इस योजना के वित्तीय पहलू पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इसे अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूट रही है, लेकिन इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों से 500 प्रीमियम वसूला जा रहा है, जबकि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में यह प्रीमियम सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया गया है।

सरकार इस योजना की खामियों को तुरंत दूर करेः साह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि जब 99 प्रतिशत कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही नहीं बने हैं, तो फिर सरकार ने मार्च का प्रीमियम इंश्योरेंस कंपनी को किस आधार पर भुगतान किया? उन्होंने सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि यह पूरी योजना केवल दिखावे के लिए चलाई जा रही है, जबकि कर्मचारियों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से इस योजना की खामियों को तुरंत दूर करने और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## अवैध कोयला लदा वैन पकड़ाया, चालक-खलासी भेजे गये जेल

**धनबाद:** महुदा पुलिस ने गुरुवार की देर रात धनबाद-बोकारो मार्ग पर अवैध कोयला लदा एक पिकअप वैन (जेएच10 सीएन/2922) को पीछा कर तेलमच्चो चेकपोस्ट के पास पकड़ा। पुलिस ने चालक व खलासी दाऊद अंसारी व रज्जाक अंसारी, दोनों श्यामडीह कतरास को शुक्रवार को मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। गाड़ी मालिक पर भी मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात अवैध कोयला लदा पिकअप वैन मधुबन थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लेकर फोरलेन से महुदा थाना क्षेत्र होते हुए बंगाल की ओर जा रहा था। महुदा पुलिस ने तेलमच्चो मोड़ पर जांच के लिए वैन को रोकने का इशारा किया, तो चालक व खलासी तेजी से वाहन लेकर भागने लगे। यह देख पीसीआर वैन ने पीछा किया और तेलमच्चो चेकपोस्ट के पास पकड़ लिया। वाहन को जब्त कर चेकपोस्ट में खड़ा कर दिया। चालक व खलासी को गिरफ्तार कर थाना ले गयी।

## दो दिन से नहीं है बिजली

**मुरी:** सिल्ली- मुरी में दो दिन से बिजली नहीं है। यह यहां की पुरानी परम्परा है । जरा सा बादल गरजे और हल्का भी बारिश हो तो बिजली चली जाती है। बिजली विभाग में एसे समय कोई फोन भी नहीं उठता है। लोग पता भी करें तो कैसे। वर्तमान विधायक अमित महतो इस मामले में कब संज्ञान लेगे आम जनता को पता नहीं ।

## हाथी के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल



**लोहरदगा :** जंगल में दतवन और साल का पता तोड़ने गई महिला हाथियों के चपेट में आ गई। एक हाथी ने महिला को पटक दिया लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाते हुए किसी तरह हाथियों को चकमा देकर निकलने में सफल रही। साथ में जंगल पहुंची महिलाओं ने गांव वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गांव वालों ने घायल महिला को इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि कुडू प्रखंड के सिंजो नावाटोली गांव निवासी माडू उरांव की पत्नी मंगरी उरांव गांव की अन्य महिलाओं के साथ सुकुरहुटू पतरा में दतवन और साल का पता तोड़ने गई थी। इसी बीच शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे दो हाथियों के बीच मंगरी उरांव फंस गई। इसमें एक हाथी ने महिला को पटक दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला ने झाड़ियों का सहारा लेकर किसी तरह हाथियों को चकमा दिया तथा कुछ दूर निकलने के बाद अन्य महिलाओं को आवाज देकर बुलाया. घायल महिला को अन्य महिलाओं ने उठाकर जंगल से बाहर निकाला । फिर गांव वालों को मामले की सूचना दी।??





# रांची में बंद का मिलाजुला असर, सड़कों पर उतरे आदिवासी संगठन तो अलर्ट मोड में प्रशासन

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में शनिवार सुबह आदिवासी संगठनों के बुलाए बंद का मिलाजुला असर दिखा। आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता 18 घंटे के बंद को लागू कराने के लिए सड़कों पर उतरे। बंद आदिवासी धार्मिक स्थल सरना स्थल के पास फ्लाईओवर के निर्माण के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों को टायर जलाते और मुख्य रूप से रांची के बाहरी इलाकों में सड़कों को अवरुद्ध करते देखा गया। रांची में टिटला चौक के पास रांची-लोहरदगा मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया, जबकि आंदोलनकारी शहर के कांके चौक और अन्य इलाकों में बंद लागू करने के लिए इकट्ठा हुए।







### रैंप हटाने की मांग

**प्रदर्शनकारी** सिरम टोली में बनाए जा रहे रैंप को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि यह धार्मिक स्थल तक पहुंच में बाधा डालता है और लगातार यातायात की आवाजाही के कारण इसकी पवित्रता को भंग कर सकता है।

### रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

बंद के आह्वान को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन ने संगठनों से बिना किसी को परेशानी पहुंचाए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया है।

बंद को देखते हुए पुलिस न केवल सतर्कता बरत रही है, बल्कि बंद समर्थकों को सख्त चेतावनी भी दी गई है कि अगर किसी ने गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम दिया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जहां-जहां बंद समर्थक पहुंच रहे हैं, उनकी वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है।

### रांची का सिरम टोली पुलिस छावनी में तब्दील

रांची बंद को देखते हुए सबसे ज्यादा सुरक्षा व्यवस्था सिरम टोली फ्लाईओवर के पास लगाई गई है। सिरम टोली के पास वज्र वाहन के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### रांची में बंद के दौरान आगजनी

वहीं दूसरी तरफ बंद समर्थकों के द्वारा रांची के रिंग रोड में कई स्थानों पर सड़क पर टायर जला कर उसे ब्लॉक कर दिया गया है। जिसके चलते रिंग रोड के आसपास गुजरने वाले सभी रास्ते पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

नामकुम में ट्रैफिक जाम : नामकुम में एक जगह बंद समर्थकों की वजह से एंबुलेंस फंस गया, लेकिन पुलिस वालों ने बेहतरीन काम करते हुए एंबुलेंस को जाम को चीरते हुए बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा।

### मशाल जुलूस निकाला, लोगों से समर्थन मांगा

इससे पहले कई आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार शाम को मशाल जुलूस निकाला और बंद के लिए लोगों से समर्थन मांगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि जब हजारों आदिवासी सरहुल के दौरान सिरम टोली सरना स्थल पर इकट्ठा होते हैं, तो फ्लाईओवर रैंप साइट तक पहुंच को बाधित करेगा।

### एलिवेटेड सड़क का निर्माण क्यों?

2.34 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड सड़क का निर्माण, जिसमें रेलवे लाइन पर 132 मीटर का खंड शामिल है, का उद्देश्य सिरम टोली को मेकॉन से जोड़कर यातायात की आवाजाही को आसान बनाना है। एक अधिकारी ने कहा कि 340 करोड़ रुपये की यह परियोजना अगस्त 2022 में शुरू की जाएगी।

---

इक्फाई विवि में दीक्षांत समारोह

## 231 डिग्रियां बांटी गयीं, नौ विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल



संवाददाता

**रांची:** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने कहा कि स्कूल में छात्र पहले सीखते हैं और फिर परीक्षा देते हैं। वहीं जीवन में लोग चुनौतियों का सामना करते हैं और फिर उनसे सीखते हैं। मुख्य न्यायाधीश श्री राव इक्फाई विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। दीक्षांत समारोह में स्नातक करनेवाले 231 विद्यार्थियों को डिग्री दी गयी। इसमें 15 पीएचडी उपाधि भी शामिल हैं। इस दौरान नौ स्वर्ण पदक और नौ रजत पदक भी दिये गये। स्वर्ण व रजत पदक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने दिये। यह दीक्षांत समारोह रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड (आर एसासीसीएल) ऑडिटोरियम, जुपमी बिल्डिंग धुर्वा में हुआ।

**झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने कहा कि स्कूल में छात्र पहले सीखते हैं और फिर परीक्षा देते हैं। वहीं जीवन में लोग चुनौतियों का सामना करते हैं और फिर उनसे सीखते हैं**

**नौकरी चाहने वाले न होकर नौकरी निर्माता बनें:** इक्फाई विवि के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने कहा कि हमारा विवि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, अनुसंधान, कानूनी प्रथाओं, पाठ्येतर गतिविधियों जैसे सभी क्षेत्रों में छात्रों को तैयार करने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। ताकि, वे अपने नियमित शैक्षणिक प्रदर्शन के अलावा सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी चुनौतियों का सामना करेगा ताकि वे नौकरी चाहने वाले न होकर नौकरी निमार्ता बनें। कर्नल डॉ रंजीत सिंह ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ जेबी पटनायक ने भी विचार रखे।

---

## किसानों से अनाज खरीद पर एकमुश्त भुगतान करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा : डॉ इरफान अंसारी

संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार किसानों से धान की खरीद में तेजी लाने और उनकी उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए राज्य में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री विधानसभा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो द्वारा धान खरीद के लिए किसानों को भुगतान में देरी के संबंध में विधानसभा में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। जयराम महतो ने सदन में यह भी पूछा कि क्या सरकार धान खरीद के लिए एकमुश्त भुगतान प्रणाली लागू कर सकती है? इस पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री इरफान अंसारी ने अपने जवाब में कहा कि सरकार जब धान खरीदती है तो पचास प्रतिशत भुगतान किसानों को जारी कर दिया जाता है और शेष राशि सत्यापन के बाद दी जाती है।



मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि किसानों से अनाज खरीद पर एकमुश्त भुगतान करने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। मामले में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों से धान खरीदने से लेकर उसे चावल मिलों तक पहुंचाने तक की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किसानों को भुगतान किया जाता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि कभी-कभी भंडारण के लिए जगह के अभाव और चावल मिलों की कमी के कारण खरीद और भुगतान में देरी होती है। इस समस्या से निपटने के लिए हम राज्य भर में चावल मिलों की संख्या बढ़ा रहे हैं, जिससे खरीद और भुगतान दोनों में तेजी लाने में मदद मिलेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने पूर्वी सिंहभूम के पांच प्रखंड बहरागोड़ा, धालभूमगढ़, गुड़ाबांधा, पोटका, डुमरिया में तैयार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भवन में पढ़ाई की शुरूआत नहीं होने पर सवाल खड़ा किया।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा, जल्द ही स्कूल में पठन पाठन होगा। बच्चों का चयन प्रक्रिया अधीन है। आरजेडी के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने ध्यानाकर्षण के जरिए कहा कि विश्रामपुर सहित पूरे गढ़वा एवं पलामू जिले में नीलगाय के द्वारा फसल बर्बाद किये जाने से किसान काफी परेशान है। किसानों द्वारा कर्ज लेकर बड़े पैमाने पर खेती की जाती है, जिसे नीलगाय द्वारा बर्बाद किये जाने से समय पर किसान कर्ज नहीं चुका पाने की स्थिति में खेती छोड़ रोजगार के लिए पलायन करने पर मजबूर हैं। कुछ किसान कर्ज नहीं चुका पाने के चलते आत्महत्या तक कर ले रहे हैं। किसानों के द्वारा मुआवजा के लिए विभाग में आवेदन देने के बावजूद सही तरीके से जांच नहीं होने की स्थिति में उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि नीलगाय स्वतंत्र जंगली जानवर है। फसल की क्षतिपूर्ति की जाएगी।

---

## दाखिल- खारिज निष्पादन को लेकर लगा शिविर



**राहे :** डीसी के आदेशानुसार राहे अंचल में लंबित दाखिल खारिज के मामलों के निष्पादन के लिए विशेष शिविर लगाया गया।शिविर में जिला के विशेष विनियमन पदाधिकारी मनीषा तिर्की,सीओ जया शंखी मुरमू,बीडीओ अशोक कुमार के द्वारा दस आवेदकों के बीच दाखिल खारिज करने के बाद करेक्शन स्लिप का वितरण किये । शिविर में 10 डिसमिल से कम बिना आपत्ति (30 दिन) और आपत्ति के साथ (90 दिन) के मामलों का निष्पादन भी किया।इस दौरान सीओ ने कहा कि दाखिल खारिज के आवेदन आने के बाद आगे भी शिविर का आयोजन किया जायेगा।


**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**थाई मांगुर (Clarias gariepinus) का पालन प्रतिबंधित होने से संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण/मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा थाई मांगुर मछली का प्रजनन और इनके हाईब्रिड को भारत के सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रतिबंधित किया गया है। थाई मांगुर (*Clarias gariepinus*) एक विदेशी एवं हाईब्रिड प्रजाति की मछली है जिससे यहाँ के स्थानीय प्रजातियों को नुकसान होने का खतरा है। सरकार द्वारा निदेश प्राप्त है कि कैट फिश प्रजाति की मछलियों के प्रजनन कराने वालों को यह ध्यान रखना है कि प्रजनक मछलियों की आपूर्ति मत्स्य विभाग या इस प्रयोजन के लिए विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसियों से ही प्राप्त करनी होगी। थाई मांगुर मछली का प्रजनन और पालन करते हुए पाये जाने पर सरकार द्वारा दंड का भी प्रावधान किया गया है। इसलिए आमजनों/मत्स्य पालकों से आग्रह है कि इस मछली का पालन एवं प्रजनन नहीं करें तथा इसको बढ़ावा भी न दें। इस जानकारी को सभी आमजनों तक पहुँचाने का प्रयास करें।

थाई मांगुर (*Clarias gariepinus*) के स्थान पर देशी मांगुर (*Clarias batrachus*) मछली का पालन एवं प्रजनन को सरकार द्वारा किये जाने हेतु निदेश प्राप्त है।

यह सूचना जनहित में जारी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 348946 Fish(24-25).D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## प्लेसमेंट और पैकेज की समस्या से जूझते आज के युवा

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतक अध्ययन केन्द्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए दो चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कल्पित नहीं बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए करें युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टेण्डर्ड निर्विवाद समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है उनकी ही यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सवाल केवल प्लेसमेंट तक ही सीमित नहीं हैं अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। कुछ चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबध संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते आते 27 लाख पर आ गया है। यह सबतो देश दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी और घर बार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्राम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हांलाकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के संदर्भ शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं तो दूसरी और कितने लोगों के लिए इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी यह अपने आपमें सोचनीय हो जाती है। जहां तक हमारे देश की बात की जाए तो यह साफ हो जाता है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कालेजों की होती जा रही है। गली गली में फामेर्सी संस्थान खुलते जा रहे हैं। सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फेकेल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा तब तक हम पास आउट तो करते रहेंगे पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की बात करना बेमानी होगा। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेन्सिलवेनिया या इसी तरह की संस्थानों से पासआउट के साथ जो हालात बन रहे हैं उससे समय रहते सबक लेना होगा और अन्य संस्थानों में भी शिक्षण और शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी ताकि पासआउट की लंबी फोज नहीं बन सके। युवाओं में नैराश्य भी नहीं आये और देश को योग्य युवा मिल सके।

# ट्रंप के टैरिफ से आया दुनिया में नया आर्थिक भूचाल

**आखिर टैरिफ है क्या, जिससे ट्रंप की घोषणा के बाद बड़ा वैश्विक भूचाल आया हुआ है। यह दूसरे देशों से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जिसका भुगतान आयातक करते हैं। किसी वस्तु पर 10 फीसदी टैरिफ का मतलब भारत से अमेरिका पहुंची 5 डॉलर की उस वस्तु पर 0 .50 डॉलर का अतिरिक्त टैक्स है। इससे आयातित वस्तु का दाम बढ़ता है और खरीददार सस्ते घरेलू उत्पाद ढूंढ़ने लगते हैं।**

**ऋतुपर्ण दवे**

अमेरिका में इस बार चुनाव के दौरान ही ट्रंप के आक्रामक तेवर बता रहे थे कि वो न केवल कुछ नया करेंगे बल्कि सभी राष्ट्रपतियों से बड़ी लकीर खीचेंगे। 13 जुलाई 2024 को उन्हें मारने की कोशिश के दौरान चली गोली ने पूरे चुनावी रुख को बदल डाला। मौत और ट्रंप के बीच का सेकेंड्स से भी कम का ये फासला ही कहीं उनके सख्त तेवरों की वजह तो नहीं? उनके मुंह से तब निकले- फाइट, फाइट, फाइट के शब्द अब हकीकत में दुनिया के लिए चुनौती बन रहे हैं। ट्रंप कड़े और बड़े फैसले लेकर सबसे फाइट कर रहे हैं। क्या उनका दूसरा कार्यकाल अमेरिका और दुनिया में नया इतिहास रचेगा? सबसे ज्यादा परेशानी और हैरानी उनकी हालिया टैरिफ घोषणाओं से है जो दुनिया में चिंता का सबब है।

आखिर टैरिफ है क्या, जिससे ट्रंप की घोषणा के बाद बड़ा वैश्विक भूचाल आया हुआ है। यह दूसरे देशों से आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जिसका भुगतान आयातक करते हैं। किसी वस्तु पर 10 फीसदी टैरिफ का मतलब भारत से अमेरिका पहुंची 5 डॉलर की उस वस्तु पर 0.50 डॉलर का अतिरिक्त टैक्स है। इससे आयातित वस्तु का दाम बढ़ता है और खरीददार सस्ते घरेलू उत्पाद ढूंढ़ने लगते हैं। नतीजतन आयात करने वाले देश को अपनी अर्थव्यवस्था बढ़ाने में सहयोग मिलता है लेकिन ट्रंप का नजरिया अलग है। वो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था बढ़ाने, नौकरियों की रक्षा करने और कर राजस्व बढ़ाने के तौर पर देखते हैं।

दुनिया के अमीरों में शुमार दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट जिनके बारे में कहा जाता है कि वो दुनिया के शेयर बाजार की चाल को नियंत्रित करते हैं, वे भी ट्रंप के इस कदम से नाखुश हैं। बफेट टैरिफ नीतियों को युद्ध जैसा कदम मानते हैं। महंगाई और उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंकाएं जताते हैं। इससे दीर्घकालीन अवधि में आर्थिक प्रभावों पर दुष्प्रभाव तथा आम उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ने की आशंका जताते हैं।

बफेट की टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह ट्रंप के चीन, कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा के बाद आई। इससे ग्लोबल ट्रेड वॉर और बढ़ा जो निवेशकों की गहरी चिंता का सबब है।

टैरिफ पर अमेरिका और चीन आमने-सामने हैं। चीन चेतावनी दे चुका है कि वो इससे निपटने के लिए तैयार है। चीन ने कह चुका है कि वह अमेरिकी दबाव का मुकाबला करेगा। चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ते ही दुनिया की दो दिग्गज अर्थव्यवस्थाओं के मध्य व्यापार युद्ध के आसार झलकने लगे हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग का बयान कि यदि कोई देश केवल अपने हित आगे बढ़ाने लगे तो दुनिया में जंगल का कानून लागू हो सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका को फेंटेनाइल महामारी से निपटने में बीजिंग का सहयोग नहीं भूलना चाहिए। क्या वाशिंगटन इस उदारता का बदला अकारण टैरिफ बढ़ा ले रहा है?

सच है कि चीन लंबे समय से विश्व का कारखाना बना हुआ है। 1970 के आखिर में जैसे ही चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए खोली तबसे सस्ते श्रम और बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश के चलते ऊंचाइयां छूता चला गया। शायद ट्रंप को यही चीनी सफलता चुभ रही हो। दुनिया की निगाहें ट्रंप के टैरिफ युद्ध खासकर चीन की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री पर है कि उसे कितना नुकसान पहुंच सकता है।

दूसरी ओर ट्रंप इस बार अपने व्यापारी मित्रों, सहयोगियों और सलाहकारों से ज्यादा घिरे दिखते हैं। टैरिफ उनके इकोनॉमिक प्लान्स का हिस्सा है। इससे अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और रोजगार बढ़ेंगे। गौरतलब है कि उनके खास मित्र एलेन मस्क भारत में संभावनाओं को खोज ही रहे थे कि ट्रंप की सत्ता वापसी हुई। माना कि मस्क की टेस्ला कार की कीमत एक करोड़ होगी उस पर भारत में उतना ही टैरिफ लगेगा जिससे यहां कीमत दो करोड़ हो जाएगी। यदि दबाव के चलते कहीं शून्य टैरिफ वाली स्थिति बनी तो वही कार एक करोड़ में भारत में मिलेगी। इससे भारतीय कार बाजार को जबरदस्त चुनौती तय है।

यकीनन बात बहुत बिगड़ चुकी है। भारत समझता है कि ट्रंप जब कनाडा, यूरोपीय देशों और चीन को नहीं बख्श रहे तो भारतीय हितों व सम्मान की रक्षा खुद करनी होगी। वहीं, ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के पहले संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ऐतिहासिक भाषण दिया। इसमें भारत का नाम फिर उन देशों के साथ लिया जिन्होंने अपनी ऊंची शुल्क दर से नरम अमेरिकी नीतियों का फायदा उठाया। अमेरिका आगामी दो अप्रैल से इन देशों पर ह्यजैसे को तैसाह्न या 'आंख के बदले आंख' की तर्ज पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा। जो देश जितना टैरिफ अमेरिकी कंपनियों पर लगाएगा, अमेरिका भी उतना ही अपने यहां लगाएगा। इससे भारतीय एक्सपोर्ट महंगा होगा। खाद्य पदार्थ, टेक्सटाइल्स, कपड़े, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, जेम्स एंड ज्वेलरी, फार्मास्यूटिकल्स और ऑटोमोबाइल सामग्रियां अमेरिकी बाजार में महंगी होंगी। नतीजन भारतीय उत्पाद वहां अभी जैसे नहीं टिक पाएंगे।

1951 में अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के बाद कोई भी व्यक्ति दो बार राष्ट्रपति रह सकता है। ट्रंप आखिरी टर्म में वो कर गुजरना चाहते हैं जो इतिहास बने। वहीं, उनके व्यापारी मित्र अपने व्यापारिक हितों में लिपटे दिखते हैं। ट्रंप की मंशा को समझना आसान भी नहीं क्योंकि वो खुद नहीं जानते कि अगले पल क्या कर गुजरेंगे?

जिद्दी ट्रंप किसी मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते। न यही बताते कि पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने ऐसे देशों को क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया। हाल ही में व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान कैमरों पर जो अप्रिय विवाद दिखा, जिसकी हर तरफ निंदा हुई। शांति की कीमत के बदले ट्रंप की यूक्रेनी खनिज भंडारों पर कब्जे की मांग यकीनन निंदनीय है। ट्रंप की नीयत ही बदनीयत लगती है। कहीं वो दुनिया को नए ट्रेड वार में धकेल कर उससे भी कमाने का रास्ता तो नहीं खोज रहे?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**


# क्या प्रधान पति, मुखिया पति, सरपंच पति की होगी छुट्टी?

**पिछले दिनों पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था। ह्यपंचायती राज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलना: प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करनाह्न शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है।**

**प्रतिभा कुशवाह**

आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकसित भारत का स्वप्न संभव नहीं है। महिलाएं देश की राजनीतिक व्यवस्था में भाग लें, इसके लिये त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भागीदारी आरक्षण के द्वारा सुनिश्चित की गई। आज 33 से 50 फीसदी तक महिला आरक्षण राज्यवार दिया गया है। इसका उद्देश्य साफ था कि अंतिमजनों की आवाजों को प्रमुखता से सुनना। पर व्यवस्था की खामियों का क्या किया जाए, ये अपना रास्ता निकाल ही लेते हैं। आज इस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की एक बड़ी समस्या ह्यप्रधान पतिह्न, ह्यमुखिया पतिह्न, ह्यसरपंच पतिह्न बने हुए हैं। हालिया रिपोर्ट में भी यह समस्या उजागर की गई है कि कैसे महिला सरपंच के पुरुष प्रतिनिधि उनकी जगह पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

पिछले दिनों पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था। ह्यपंचायती राज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलना: प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करनाह्न शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है। रिपोर्ट में कहा गया




है कि गांवों में महिलाओं की पारंपरिक और सदियों पुरानी पितृसत्तात्मक मानसिकता और कठोर सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को मनवाने से भी महिला प्रतिनिधित्व पीछे चला जाता है। इसमें एक है कई तरह की पर्दा प्रथाओं का पालन करना। रिपोर्ट में एक कारण राजनीतिक दबाव को भी बताया गया है, जिसमें राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिलने वाली धमकी और दबाव भी है जिसे न मानने पर उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है।

इसके अतिरिक्त महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उन्हें सार्वजनिक कामों से खुद को अलग करने का दबाव भी रहता है। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के दबाव में वे अक्सर घर की जिम्मेदारियों को चुन लेती हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा कारण उनका अशिक्षित रह जाना भी है। बहुत-सी सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक कामों के अनुभव न हो पाने के कारण वे निर्वाचित होने के बावजूद अपनी भूमिका सीमित कर लेती हैं। सबसे ज्यादा उन्हें वित्तीय निर्णय संबंधी कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से वे संबंधित पुरुष साथियों की मदद लेने को मजबूर हो जाती हैं।

स्थानीय शासन में वास्तविक महिला नेतृत्व को मजबूत करने के मंत्रालय के लगातार प्रयासों के पक्ष में यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसकी वजह है कि इसमें न केवल वास्तविक समस्या की पहचान की गई है बल्कि समस्या का समाधान भी प्रस्तावित किया गया है। इस कड़ी में मंत्रालय द्वारा साल भर चलने वाला ह्यसशक्त पंचायत नेत्री अभियानह्न है, जिसे देश भर में पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह पंचायती राज पदों पर निर्वाचित महिलाओं के कौशल और आत्मविश्वास के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही हैं कि नहीं। इस रिपोर्ट में इस समस्या से निपटने के लिये कुछ सुधारात्मक दंड की सिफारिशें की गई हैं। ताकि प्रधान पति, सरपंच पति या मुखिया पति की प्रथा पर रोक लगाई जा सके।

देश की पहली एमबीए सरपंच राजस्थान के टोंक जिले से सोदा गांव की छवि राजावत थीं, जो 2010 में सरपंच बनीं और महिला सशक्तिकरण के लिये काम किया था। अपने एक लेख में कहती हैं कि मेरा केस अपवाद हो सकता है आज भी देश में बहुत-सी निर्वाचित महिला सरपंच शिक्षा और प्रशासनिक ढांचे के सामान्य ज्ञान की कमी से जूझ रही हैं। परिणामस्वरूप वे अलग-थलग पड़ जाती हैं। इस कारण उनकी छोड़ी गई जगहों को भरने के लिये संबंधी पुरुष आगे आ जाते हैं। कुछ मामलों में तो पुरुषों के सपोर्ट को निर्माण परियोजनाओं में मार्गदर्शन प्रदान करने या काम की निगरानी करने या फिर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से सही ठहराया जाता है। इस नेक इरादे के बावजूद यह प्रयास महिला आरक्षण के उद्देश्य को कहीं न कहीं नुकसान पहुंचाता है।

प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व के कारणों को गौर किया जाये तो वे सभी वही कारण हैं जिनकी वजह से महिलाओं को घर के बाहर सार्वजनिक भूमिका को स्वीकारा नहीं जाता है। स्वीकारने से पहले उनकी सार्वजनिक भूमिका को ही नकारने की प्रवृत्ति रहती है, जो उनकी राह में कई तरह की बाधाओं के रूप में सामने आती है। पंचायती शासन प्रणाली को लागू हुए 31 वर्ष हो चुके हैं। महिला प्रतिनिधियों को किसी न किसी बहाने उन्हें उनकी पारंपरिक भूमिका में सीमित करने की मानसिकता में ऐसे ही किन्हीं सरकारी प्रयासों से कुछ संभव हो सकता है, यह आगे हम सबके सामने होगा।

## 450 साल से ज्यादा पुराना है गोवा का यह फेमस और प्राचीन शिव मंदिर

भारत जब भी देश के सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन राज्य की बात होती है, तो सबसे पहले गोवा का नाम जरूर लेते हैं। भले ही यह एक छोटा सा राज्य है, लेकिन यहां के खूबसूरत और मनमोहक बीचेज पूरी दुनिया में फेमस हैं। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि गोवा अपने खूबसूरत समुद्र तटों और नाइटलाइफ के लिए दुनियाभर में फेमस है। लेकिन गोवा सिर्फ अपनी खूबसूरती और मनमोहक बीचेज की वजह से नहीं बल्कि चर्चों के अलावा प्राचीन और प्रसिद्धि मंदिर के लिए भी जाना जाता है। यहां पर घूमना कई लोगों का सपना होता है।

बता दें कि गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर राज्य के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में दर्शन के लिए जाना कई लोगों का सपना होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा में स्थित मंगेशी शिव मंदिर के इतिहास, पौराणिक कथा, रोचक तथ्य और आसपास में स्थिति घूमने वाली शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मंगेशी शिव मंदिर

गोवा के पोंडा जिले में प्रियोल गांव में भगवान शिव को समर्पित मंगेशी मंदिर है। यह गोवा की राजधानी पणजी से करीब 21 किमी और मडगांव से करीब 26 किमी दूर स्थित है। इस मंदिर के आसपास के क्षेत्र को मंगेशी के नाम से जाना जाता है।

### मंगेशी शिव मंदिर का इतिहास

मंगेशी शिव मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। बताया जाता है कि इस मंदिर का इतिहास करीब 450 साल से भी ज्यादा पुराना है। तो वहीं कुछ लोगों का मानना है कि मंगेशी मंदिर का निर्माण 18वीं शताब्दी में हुआ था। वहीं अन्य लोगों का मानना है कि स्थानीय मराठा शासक के दान से इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ था। इस मंदिर से जुड़ी कई पौराणिक कहानियां भी प्रचलित हैं। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर इस शिव मंदिर में भक्त पूजा-पाठ के लिए पहुंचते हैं।

### पौराणिक कथा

मंगेशी शिव मंदिर की पौराणिक कथा के मुताबिक एक बार यहां देवी पार्वती के सामने भगवान शिव अचानक से बाघ के रूप में प्रकट हुए थे, तब मां पार्वती के मुंह से रक्षाम्‌ गिरीश शब्द निकला था। इसके बाद से भगवान शिव इस स्थान पर मंगिरीश के नाम से पूजे जाने लगे। वहीं एक अन्य पौराणिक मान्यता के मुताबिक इस शहर की रचना भगवान परशुराम ने की थी।

### मंदिर की वास्तुकला

भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर की वास्तुकला भी लोगों को खूब आकर्षित करती है। इस मंदिर की वास्तुकला में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई का भी मिश्रण देखने को मिलता है।

## सेहत

### एसिडिटी से लेकर किडनी हेल्थ तक में फायदेमंद है बेकिंग सोडा

भारतीय किचन में ऐसी कई चीजें होती हैं, जो न सिर्फ खाने में बल्कि अन्य कई चीजों में भी इस्तेमाल की जाती है। इन्हीं में से एक बेकिंग सोडा है। बेकिंग सोडा सेहत से जुड़ी कई समस्याएं चुटकी में हल कर सकता है। अगर किसी को गैस या एसिडिटी की समस्या होती है, तो वह एक गिलास पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर पी लें। इससे मिनटों में आपकी समस्या खत्म हो जाएगी। वहीं बेकिंग सोडा दांतों के पीले रंग को भी गायब कर सकता है। इसके अलावा भी बेकिंग सोडा कई समस्याओं को चुटकियों में हल कर सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि बेकिंग सोडा के क्या-क्या फायदे होते हैं।

बेकिंग सोडा के औषधीय गुण
एंटी एसिड गुण
एंटी सेप्टिक गुण
एंटी इंफ्लेमेटरी गुण
डिटॉक्सिफाइंग गुण
एंटी फंगल गुण
पीएच लेवल
एंटी बैक्टीरियल
वळकइंफेक्शन में रहात
किडनी हेल्थ में सुधार
ओरल हेल्थ में सुधार

#### दांत होंगे साफ

इसके साथ ही बेकिंग सोडा दांतों में जमे प्लाक यानी की गंदगी को भी हटाता है। हालांकि इसमें फ्लोराइड नहीं होता है। इसलिए कैविटी से बचने के लिए आप बेकिंड सोडा के साथ टूथपेस्ट मिला सकते हैं। इससे आपकी ओरल हेल्थ भी अच्छी रहती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें सुनिश्चित : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज:** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पदाधिकारी को आमजन की शिकायतों के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के प्रति नागरिकों को आश्वस्त किया। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में प्राप्त शिकायतें विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त महोदय ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि समाधान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए और निष्पादन की प्रतिपुष्टि फीडबैक उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाए।उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ समस्या निवारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त महोदय ने पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उच्च स्तरीय समिति की आयोजित बैठक संपन्न



दुमका: राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के निर्देश एवं अधिसूचना द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक शुक्रवार को दुमका में प्रमण्डलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संथाल सिविल रूल्स एवं संथाल परगना न्याय विनियमन, 1893 (संताल परगना जस्टिस रेगुलेशन, 1893) के प्रावधानों को वर्त्तमान परिपेक्ष्य में संथाल परगना में प्रचलित पारम्परिक एवं कानूनी न्याय प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। संथाल क्षेत्रों में जनजातीय समिति (लोकल ट्राइबल काउंसिल) के लिए न्याय प्रणाली की प्रभावशीलता एवं व्यवहारिकता को ध्यान में रखकर संथाल सिविल कोर्ट एवं लोकल ट्राइबल काउन्सिल के बीच समन्वय स्थापित करने के बिन्दु पर विचार-विमर्श किया गया। संथाल परगना न्याय प्रणाली में विधिक संशोधनों की सम्भावना एवं संथाल परगना के प्रासंगिक कानुनी मुद्दों पर राज्य सरकार के नीतिगत निर्णयों पर परिचर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित अपर समाहत्ताओं द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं पर अपना-अपना सुझाव दिया गया।

## साइबर ठगी : बैंक खाते से उड़ाए एक लाख , प्राथमिकी दर्ज




**साहिबगंज/उधवा :** साइबर अपराधी आज कल ऑनलाइन लिंक भेजकर और नए नए हथकंडे अपनाकर लगातार भोले भाले लोगों से हजारों लाखों रुपए ठगी कर रहे है। एक ऐसा ही मामला राधानगर थाना क्षेत्र में देखने को मिला। दरअसल थाना क्षेत्र के पलाशगाछी पंचायत के खुशरुद्दीन टोला गांव के एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। उनके बैंक खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रूपए की निकासी कर ली। पीड़ित सादिकुल शेख ने स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है। और ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के संदर्भ में सादिकुल शेख ने बताया है कि साइबर ठगों ने एक लिंक भेजकर ओपन करने को कहा। जिसके बाद लिंक ओपन करने के बाद उसके बैंक खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपए निकाल लिए। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़ित सादिकुल शेख के बयान पर कांड संख्या 95/25 के तहत साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि उन्हें साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस साइबर ठगों का पता लगाकर कार्यवाई करेगी।

## डायन बिसाही के आरोप में महिला के साथ मारपीट,घायल

संवाददाता



**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के आतापुर गांव में डायन बिसाही के आरोप में एक वृद्ध महिला के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।पीडिता महिला को प्राथमिक ईलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राधानगर थाना क्षेत्र के आतापुर पंचायत अंतर्गत रजवार पाड़ागांव की दुलारी देवी 60 वर्ष को गांव के कुछ लोगों ने डायन बिसाही कहकर मारपीट की.सूत्रों की मानें तो वृद्ध महिला पर उनके द्वारा जादू टोना कर गांव के कुछ महिला को बेहोश कर दिया। बताया जाता है कि उक्त पीड़ित वृद्ध महिला ने गांव के सीमा कुमारी 18 मालती देवी 32 बेबी देवी 29 दीपाली कुमारी 13 नीतू देवी 23 सहित आठ लोगों को जादू टोना कर बेहोश कर दिया गया.हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। जिसके बाद उनके परिजनों ने वृद्ध महिला को बंधक बनाकर मारपीट किया.जबरदस्ती वृद्ध महिला को कहा कि तुम जादू टोना कर बेहोश किया है तो ठीक करो. महिला को मारपीट करने से उनके मुंह में जख्मी हो गया है।ग्रामीणों ने घटना की सूचना राधानगर थाना को दिया.इधर सूचना मिलने पर राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे.गांव में सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गया।

## साहिबगंज दियारा के हजारों एकड़ भूमि की दाखिल-खारिज व खरीद -बिक्री नहीं होने से परेशानी: विधायक

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज:** झारखंड विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन में साहिबगंज जिला के मुद्दा को उठाते हुए कहे की साहिबगंज जिला के हजारों एकड़ भूमि असर्वेक्षित दियारा भूमिहोने के कारण इस क्षेत्र के जमीन की दाखिल खारिज और खरीद बिक्री नहीं हो पा रही है जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। और सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।विधायक के सवाल पर सदन के माध्यम से जवाब देते हुए मंत्री राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने कहा कि साहिबगंज जिला के तीन अंचल राजमहल में 9 ग्राम,उधवा में 20 ग्राम व साहिबगंज में 24 ग्राम कुल 53 मौजा है.और सर्वेक्षित मौजा का सर्वे कार्य प्रगति पर है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। पश्चिम बंगाल से सीमांकन का सीमा विवाद का निपटारा एवं सीमांकन के बाद ही सर्वेक्षण कार्य सीमावर्ती असर्वेक्षित मौजा में किया जाएगा। चिकित्सक के अभाव में इलाज में हो रही परेशानी। विधायक ने तारांकित प्रश्न के तहत सदन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को कहा कि साहिबगंज जिला के राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में पद के अनुरूप चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं होने के कारण चिकित्सकों का पद रिक्त है जिस कारण क्षेत्र के लाखों मरीजों को आवश्यकता के अनुरूप इलाज की व्यवस्था नहीं मिल पा रही है. इलाज के लिए रोगियों को कभी-कभी पश्चिम बंगाल

## जन्म-मृत्यु निबंधन सांख्यिकी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

मेट्रो रेज संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु निबंधन एवं सांख्यिकी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार सहित सभी प्रखंडों के मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज एम ओआईसी उपस्थित थे।उपायुक्त ने बैठक के दौरान जिले में जन्म और मृत्यु निबंधन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निबंधन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जन्म और मृत्यु निबंधन एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया है। जिससे नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने और समय सीमा के भीतर निबंधन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने जिले में अब तक किए गए। निबंधनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कुछ प्रखंडों में निबंधन प्रक्रिया में विलंब हो रहा है, जिसे जल्द सुधारने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रखण्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को समय पर जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए प्रेरित करें।साथ ही उन्होंने ऑनलाइन निबंधन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने पर भी बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी ने जन्म-मृत्यु निबंधन में सुधार लाने के लिए अपने सुझाव भी दिए। उपायुक्त ने उम्मीद जताई कि अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से जिले में जन्म और मृत्यु निबंधन की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## आरोग्य दूत साथिया पीयर एजुकेटर का सम्मान समारोह आयोजित

मेट्रो रेज संवाददाता



साहिबगंज::सिद्धो कान्हो सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय स्वास्थ्य आरोग्य दूत साथिया पीयर एजुकेटर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमंत सती ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।अपने संबोधन में उपायुक्त ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला और किशोर-किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में साथिया पीयर एजुकेटर्स की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किशोर स्वास्थ्य को लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित साथिया पीयर एजुकेटर्स से उनके अनुभव साझा करने को कहा और उनके द्वारा समुदाय में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्कृष्ट स्वास्थ्य आरोग्य दूतों और साथिया पीयर एजुकेटर्स को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किशोर-किशोरियां इस अवसर पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त ने सभी से अपील की कि वे राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्यों को सफल बनाने में अपना योगदान दें और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयासरत रहें।मौके पर सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालीया, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला प्रजनन प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ किरण माला, डीपीएम हीना गौरव बर्नवाल उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल

**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोर्चा बोरियो के समीप बाइक से गिरकर अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बोरियो थाना पुलिस को सूचना मिलने पर अपने दल बल के साथ इलाज के सदर अस्पताल लाया जहां घायल की मौत रस्ते में ही हो गई।वही घायल की पहचान राजेंद्र मालतो उम्र 32 वर्ष पिता मैसा मालतो निवासी छोटा भाग्यमारी थाना तालझारी के रूप में हुई है।वही सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक साहिबगंज से बोरियो की ओर जा रहा था।अचानक संतुलन बिगड़ने से दुर्घटना ग्रस्त हो गया। वही पुलिस द्वारा सदर अस्पताल लाते रस्ते में ही मौत हो गई। वही इसकी पुष्टि ड्यूटी में रहे डॉ मुकेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोर्चा बोरियो निवासी नाजों सिंह के 22 वर्षीय पुत्र अमित राय की बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही राहगीरों ने इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो भर्ती कराया ड्यूटी पर रहे डॉ ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉ ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया गया। वही घायल अमित राय ने बताया कि मैं अपने घर मार्चो बोरियो से अपने रिश्तेदार के यहां बोरिजोर जा रहा था।अचानक संतुलन बिगड़ने से बोरियो थाना के समीप गिर गए जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, चुनाव प्रक्रिया पर हुई चर्चा



**साहिबगंज:**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को लेकर व्यापक चर्चा हुई और राजनीतिक दलों से उनके सुझाव मांगे गए।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करें, ताकि समय रहते उन पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी मुद्दों को समय पर और नियमानुसार सुलझाया जाएगा। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में चुनावी तैयारियों के पालन और अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपील की।

### आने वाले चुनौतियों पर पर्यावरण बचाव के लिए एआई के उपयोग

**साहिबगंज :** डॉ अनिल कुमार विभागाध्यक्ष,रसायन शास्त्र स्नातकोत्तर विभाग,सह एकेडमिक डीन,प्रभारी साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,दरभंगा के विश्वविद्यालय रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस केमिस्ट्री ऑफ मैटेरियल्स फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर 2025 में आभाषी रूप से अपना शोध पत्र एआई इन एनवायरमेंटल पॉल्यूशन मॉनिटरिंग एडवांटेज,डिसएडवांटेज,एथिकल इश्यूज, फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स पर पढ़ा।डॉ कुमार ने उपरोक्त शोध पत्र में एनवायरमेंटल मॉनिटरिंग के लिए आई के एप्लीकेशन पर पॉल्यूशन मॉनिटरिंग पर पॉल्यूशन कंट्रोल में ए आई के एडवांटेज पर पॉल्यूशन मॉनिटरिंग में ए आई के डिसएडवांटेज पर एनवायरमेंटल मॉनिटरिंग के लिए ए आई के इस्तेमाल पर एथिकल कंसीडरेशन पर एनवायरमेंटल मॉनिटरिंग के लिए ए आई के केस स्टडी पर भारत में एनवायर मेंटल मॉनिटरिंग के लिए ए आई के इंप्लीमेंट में आने वाले चुनौतियों पर पर्यावरण के बचाव के लिए ए आई के उपयोग पर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क और पॉलिसी पर एनवायरमेंटल मॉनिटरिंग के लिए ए आई के फ्यूचर प्रोस्पेक्ट पर एआई का उपयोग एनवायरमेंटल मॉनिटरिंग के लिए करने पर उसके रिस्क पर उसके बेनिफिट्स पर चर्चा परिचर्चा की डॉ कुमार के कार्यों को श्रोताओं ने बहुत सराहा चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित प्रोफेसर बी एन झा ने भी डॉ कुमार की प्रस्तुति को बहुत सारा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। स्नातक के छात्र आशीष कुमार अंकित कुमार ऋषभ राज आदि मौजूद थे।

### विस चुनाव में इस्तेमाल किये गए वाहनों के भुगतान के लिए भटक रहे है वाहन संचालक

**साहिबगंज/बरहरवा:**बीते दिनों विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक वर्ष की भाँति विधि व्यवस्था को बनाये रखने और चुनावी कार्यों के लिए वाहनों को प्रसाशन द्वारा कब्जे मे ले कर नियमानुसार इस्तेमाल किया गया था।जिसके लिए प्रसाशनिक अनुसंशा के बाद सरकार द्वारा वाहनों के परिचालन के मापदंड के अनुसार वाहन संचालकों को राशि का भुकतान किया जाना था।परन्तु चुनाव के काफी दिन बीत जाने के बाद भी वाहन मालिकों को उक्त राशि का भुकतान नहीं किया गया है।वाहन संचालको का कहना है कि राशि के भुकतान को लेकर समय दिया गया था परन्तु निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी अभी तक पैसे का भुकतान नहीं हुआ है,कभी जिला मुख्यालय और कभी प्रखंड मुख्यालय में लिखित आवेदन देने के बाद भी दर दर भटकना पड़ रहा है।पुनः शुक्रवार 21/03/2025 को दर्जनों वाहन संचालको ने बरहरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम लिखित आवेदन देकर बकाया राशि के भुकतान को लेकर गुहार लगाई है,साथ ही वाहन संचालको ने आवेदन में जिला उपायुक्त को भी प्रतिलिपि के माध्यम से आवेदन प्रेषित किया है।

### शहरी पंचायत क्षेत्र में आवश्यक साफ- सफाई को सुदृढ़ करने को लेकर आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका:** जिले के उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को दुमका जिला अंतर्गत शहरी पंचायत यथा दुमका, दुधानी, बंदरजोरी, कढ़ारबिल सहित कुल 8 पंचायतों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए पंचायत क्षेत्र में आवश्यक साफ सफाई सुदृढ़ करने हेतु बैठक आहूत की गई। जिसमें विशेष रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 2 के कार्यपालक अभियंता, अंचल अधिकारी दुमका, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् दुमका, जिला समन्वयक एसबीएम, आठों पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा कचरा प्रबंधन हेतु कार्यपालक अभियंता पीएचडी 2 को संबंधित आठ पंचायत में कचरा उठाव वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को संबंधित पंचायत के मुखिया से समन्वय स्थापित कर आवश्यक साफ सफाई की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

# आलिया नहीं हैं रणबीर कपूर की पहली पत्नी!

➤ एक्टर का खुलासा-एक लड़की आई थी पंडित के साथ, उसने गेट पर शादी कर ली



रणबीर कपूर ने हाल ही में खुलासा किया कि एक महिला पहले ही उनसे गेट पर शादी कर चुकी है, और उन्होंने आज तक उसे नहीं देखा। आलिया भट्ट के साथ उनकी शादी से पहले की यह घटना, जो उन्होंने एक इंटरव्यू में साझा की, इसने सबको हैरान कर दिया।

रणबीर कपूर अपने प्यारे परिवार के साथ बेहद खुश हैं, जिसमें उनकी पत्नी आलिया भट्ट, बेटी राहा और उनकी मां नीतू कपूर हैं। इस कपल ने अप्रैल 2022 में शादी की और अप्रैल 2018 में डेटिंग शुरू की थी। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि आलिया उनकी पहली पत्नी नहीं हैं? रणबीर ने हाल ही में अपनी पहली पत्नी से अभी तक न मिलने के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने आलिया के साथ एक शानदार शादी की लेकिन अब बताया है कि वह उनकी पहली पत्नी नहीं हैं। रणबीर कपूर के पास दुनियाभर में फैनबेस है। उनके फैंस एक्टर की एक झलक पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मैशेबल इंडिया के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, रणबीर ने बताया कि एक औरत पंडित के साथ उनके परिवार के बंगले में आई थी और घर के गेट पर उससे ही शादी कर ली थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह अभी भी अपनी पहली पत्नी से मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### रणबीर की पहली पत्नी कौन?

रणबीर ने बताया, मैं इसे पागलपन नहीं कहूंगा क्योंकि इसका इस्तेमाल निगेटिव तरीके से किया जाता है लेकिन मुझे याद है कि जब मैंने शुरुआती सालों में शुरुआत की थी। एक लड़की थी और मैं उससे कभी नहीं मिला लेकिन मेरे वॉचमैन ने मुझे बताया कि वह एक पंडित के साथ आई थी और मेरे गेट से ही शादी कर ली थी। जिस बंगले में मैं अपने माता-पिता के साथ रहता था, वहां गेट पर कुछ टीका और कुछ फूल पड़े थे। मैं उस समय शहर से बाहर था, मुझे लगता है कि यह काफी पागलपन था। मैं अभी तक अपनी पहली पत्नी से नहीं मिला हूं इसलिए मैं किसी समय आपसे मिलने का इंतजार कर रहा हूं। आलिया मेरी पहली पत्नी नहीं है।

### क्रश से ही कर ली शादी

यह बात सभी जानते हैं कि आलिया के बचपन के क्रश रणबीर थे। वह 11 साल की थीं जब उन्होंने रणबीर को संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करते देखा था। 2014 में आलिया ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की और कॉफी विद करण के सेट पर बातचीत के दौरान उन्होंने रणबीर से शादी करने की इच्छा जताई। रणबीर आलिया के साथ हाईवे को प्रमोट करने के लिए शो पर आए थे। आलिया ने ब्रह्मास्त्र की शूटिंग का भी किस्सा शेयर किया था। आलिया की मम्मी कहती थीं ये उन्होंने कहा, जब मैं बहुत लंबे समय के बाद सिंगल थी, तो मेरे आस-पास के सभी लोग, मेरी बहन और दोस्त कहते थे कि तुम और वो (रणबीर) साथ रहने वाले हो। हमने अपनी फ्लाइट में इस बारे में बात की। हम साथ बैठे थे और फिर उसकी सीट में कुछ गड़बड़ हो गई। बाद में उसकी सीट ठीक हो गई और जब हमने नोट्स एक्सचेंज किए। वहीं से माहौल शुरू हुआ और बाकी सब इतिहास है।

### रणबीर ने शादी पर कही ये बात


एक बार एक प्रेस इवेंट में रणबीर ने अपनी फिल्म ये जवानी है दीवानी का एक मशहूर डायलॉग शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि आलिया से शादी के बाद उन्होंने कहा था कि शादी करना ऐसा है जैसे पूरी जिंदगी दाल चावल खाना।



# रश्मिका ने थामा के सेट से पोस्ट किया शेयर

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों थामा की शूटिंगमें व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म के सेट से बताया कि निर्देशक आदित्य सरपोतदार जानते हैं कि सही शब्दों का इस्तेमाल करके वह अभिनेत्री को खुश कर सकते हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में निर्देशक आदित्य सरपोतदार एक प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठे हुए शूटिंग के दौरान स्क्रीन पर देखते हुए नजर आ रहे हैं। रश्मिका ने इस तस्वीर के साथ लिखा॰ मेरे निर्देशक हर बार मुझे रात की शूटिंग करने पर मजबूर करते हैं आइस बकेटज्ञ मेरी ज़िंदगी की कहानी। तस्वीर में एक प्लास्टिक की बाल्टी है, जिस पर आइस बकेट लिखा हुआ था और रश्मिका ने इसे मज़ाकिया अंदाज में मेरी ज़िंदगी की कहानी कहकर, बार-बार रात की शूटिंग को लेकर हल्की शिकायत की। पोस्ट को रि-शेयर करते हुए, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने लिखा॰ जहां आम लोग रात से डरते हैं, वहीं वैंपायर अपनी शक्ति पाते हैं।

रश्मिका ने इसका जवाब देते हुए लिखा॰ स्मार्ट शब्द। बिल्कुल पता है कि थामा (वैंपायर) को खुश कैसे किया जाए! फिल्म थामा एक इतिहासकार की कहानी पर आधारित है, जो प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करता है और स्थानीय वैंपायर किंवदंतियों के बारे में सच्चाइयों का खुलासा करता है। हाल ही में, रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम पर जो चीज़ें उन्हें पसंद हैं, इस पर एक मजेदार सीरीज़ भी शुरू की थी। एक वीडियो में उन्होंने अपने पसंदीदा आम का आनंद लिया और अपनी खुशी को व्यक्त किया। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा॰ कोई मुझे वो चीजें करने से नहीं रोक सकता, जिन्हें मैं पसंद करती हूं! पार्ट - 1! रश्मिका की आगामी फिल्म सिकंदर ईद पर रिलीज होने वाली है।



# वेब सीरीज 'दुपहिया' की तुलना 'पंचायत' से करने पर गदगद हुई डायरेक्टर सोनम नायर

**डायरेक्टर** सोनम नायर ने अमेजन प्राइम पर हाल ही रिलीज हुई अपनी वेब सीरिज 'दुपहिया' की तुलना 'पंचायत' से किए जाने पर खुशी जताई। वह 'दुपहिया' की तुलना सफल सीरीज 'पंचायत' से करने को प्रशंसा मानती हैं। डायरेक्टर सोनम नायर ने कहा, हमें लगा कि दोनों शो गांव पर आधारित हैं, इसलिए दोनों की तुलना की जा सकती है, लेकिन हम यह भी जानते थे कि समानताएं यहीं खत्म हो जाती हैं। हम बहुत सम्मानित महसूस करते हैं कि हमारी तुलना एक सफल शो से की जा रही है, यह एक तारीफ है और मुझे उम्मीद है कि उनके प्रशंसक दुपहिया के भी प्रशंसक बनेंगे। नायर ने कला के एक पुराने रूप लौंडा नाच के बारे में भी बात की। बताया कि उन्होंने इसे कैसे संभाला। उन्होंने कहा, हम फोटुआ को उसी तरह से पेश करना चाहते थे, जैसे कोई बड़ी फिल्म एक आइटम सॉन्ग को करती है। हम भाग्यशाली थे कि हमें गणेश आचार्य सर मिले, जिन्होंने इसे कोरियोग्राफी किया। उन्होंने कहा, लड़कों ने दिल खोलकर डांस किया है। मेरे लिए यह किसी भी आइटम सॉन्ग जितना ही अच्छा है और फिर भी यह आइटम सॉन्ग की अवधारणा को पूरी तरह बदल देता है। दक्षिण भारत से आने वाली सोनम नायर के लिए हिंदी पट्टी (हार्डकोर हिंदी क्षेत्र) पर आधारित सीरीज का निर्देशन करना कितना मुश्किल था? निर्देशक ने कहा, मेरे खून में केरल, पंजाब और यहां तक कि बर्मा भी है और मैं बंगाल के एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हूं। इसलिए मुझे लगता है कि मैं अपने देश के हर कोने से ताल्लुक रखती हूं।

उन्होंने कहा, इस सीरीज के लिए मैंने सभी अभिनेताओं के साथ बोली सीखने का काम किया और यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रेकी (सर्वेक्षण) और तैयारी का काम किया कि सीरीज वास्तविक लगे। अब जब बिहार के लोग कह रहे हैं कि यह उन्हें सच्चा लगता है, तो मुझे बहुत खुशी होती है। बता दें कि वेब सीरिज 'दुपहिया' में रेणुका शहाणे के साथ गजराज राव भी हैं। धड़कपुर के काल्पनिक गांव में सेट की गई इस सीरीज में गजराज, रेणुका, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज सलोना बैंस जोशी और शुभ शिवदासानी द्वारा उनकी कंपनी बॉम्बे फिल्म कार्टेल के तहत बनाई गई। सीरीज का निर्देशन सोनम नायर ने किया है और इसे अविनाश द्विवेदी और चिराग गर्ग ने लिखा है।



# 51 की उम्र में बिकिनी पहनकर खूब इतराई ये हसीना

बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से उन्होंने अपनी लेटेस्ट बिकिनी तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज में टिस्का 51 की उम्र में भी अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा रही हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है. टिस्का चोपड़ा आमिर खान के साथ फिल्म तारे जमीन पर के साथ ही जुग जुग जियो जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. 51 साल की एक्ट्रेस फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से वह लगातार अपनी तस्वीरें साझा कर रही हैं. अब हाल ही में टिस्का ने लेटेस्ट फोटोज शेयर किए हैं, जिनमें एक्ट्रेस पिंक कलर की बिकिनी पहनें दिख रही हैं. यहां देखें टिस्का चोपड़ा के लेटेस्ट फोटोज. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा पिंक कलर की बिकिनी पहनकर समुद्र में उतरी दिख रही हैं. 51 की उम्र में एक्ट्रेस की बोल्डनेस देख हर कोई हैरान रह गया है.

इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा अपने पति संजय चोपड़ा संग नजर आ रही हैं. फोटो में देखा जा सकता है कि टिस्का झूले पर बैठी हैं तो वहीं संजय उनके पीछे खड़े होकर पोज दे रहे हैं. फोटो में टिस्का अपने टोन्ड लेग्स जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा स्विमिंग पूल में उतरकर आग लगा रही हैं. फोटो में एक्ट्रेस पानी से भरी सीढ़ियों पर तैरती दिख रही हैं. टिस्का के ये फोटोज आते ही इंटरनेट पर छा गए हैं. इस तस्वीर में टिस्का चोपड़ा अपनी एक फीमेल दोस्त के साथ झूले पर बैठकर पोज दे रही हैं. फोटो में वह मालदीव में अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिता रही हैं. बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा फिलहाल मालदीव में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं, जहां से उन्होंने अपनी लेटेस्ट बिकिनी तस्वीरें शेयर की हैं. इन फोटोज में टिस्का 51 की उम्र में भी अपनी बोल्डनेस से फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ा रही हैं. बॉलीवुड एक्ट्रेस टिस्का चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर हिंदी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है.

# प्रियंका चोपड़ा की नाभि पर चमका 2.7 करोड़ का हीरा



प्रियंका चोपड़ा की शानदार तस्वीरों और वीडियो को हाल ही में पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद किया है. जिसमें उनके कूल लुक को फैंस ने खूब पसंद किया, लेकिन उनके करोड़ों के नाभि में पहने गए हीरों ने सभी का ध्यान खींचा. बॉलीवुड की देसी गर्ल और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारत आईं और अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर लीं. लंबे समय से भारतीय फिल्मों से दूरी बनाए हुए प्रियंका जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म से वापसी करने वाली हैं. इसी सिलसिले में वह मुंबई पहुंचीं, जहां उनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड नजर आए.्र द्यह्यश ऋद्बुस्र - इवेंट में हाई हील्स पहन टशन दिखाने के चक्कर में धड़ाम से गिरीं ये हसीनाएं, एक सेकंड में इज्जत की... हाल ही में पैपराजी के कैमरों में कैद हुई प्रियंका का स्टाइलिश अंदाज देखते ही बना. उन्होंने का स्टनिंग को-ऑर्ड सेट पहना, जिसमें उनका ग्लैमरस लुक ने सभी को अट्रैक्ट किया. उनके आउटफिट में ब्लू, वाइट और ब्लैक कलर का कॉम्बिनेशन था, जिसमें वाइट फ्लोरल प्रिंट इसे और भी इंप्रेसिव बना रहा था. प्रियंका ने इसके साथ ब्लैक क्रॉप टैंक टॉप स्टाइल किया, जिसने उनके लुक को और ज्यादा स्मार्ट बना दिया. इस पजामा सेट की कीमत करीब ?1,34,000 बताई जा रही है.

# नीना गुप्ता ने बताया, कैसे करती हैं अपने दिन की शुरुआत



मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता अपने दिन की शुरुआत योग और आध्यात्मिक अभ्यास से करती हैं।

नीना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह योगासन करती दिखीं। बैकग्राउंड में ओम मंत्र सुनाई दे रहा है। क्लिप में नीना गुप्ता अपनी बालकनी में मैट पर योगासन करती दिख रही हैं। गुप्ता के योग के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रशंसकों ने भी की। कई यूज़र्स ने माना कि नीना की वेलनेस रूटीन ने उन्हें काफी प्रेरित किया है, जबकि कुछ ने उनकी शालीनता और सकारात्मकता की तारीफ की। एक यूजर ने टिप्पणी की, नीना जी, आप कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं। एक फैन ने लिखा, आप सचमुच एक प्रेरणा हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना यू ट्यूब चैनल भी लॉन्च किया है। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि अपने अनगिनत फॉलोअर्स तक पहुंच बढ़ाने के लिए उन्होंने ऐसा किया, क्योंकि उन्हें लगता है कि इंस्टाग्राम पर ज्यादा लोग नहीं हैं और वे नीना की जिंदगी से अपडेट नहीं हो पाते हैं। अपना वीडियो शेयर करते हुए नीना ने कहा, मुझे अचानक यह महसूस हुआ कि कई लोग इंस्टाग्राम का इस्तेमाल नहीं करते हैं और मैं ज़्यादातर चीजें वहीं पोस्ट करती हूं। इसलिए, मैंने सोचा कि अपना यूट्यूब चैनल शुरू करूं, ताकि जो लोग फेसबुक या इंस्टाग्राम का इस्तेमाल नहीं करते, वे जान सकें कि मैं कौन हूं, क्या करती हूं, क्या पहनती हूं और किन-किन चीज़ों के बारे में बात करती हूं। अगर आपको यह पसंद आया, तो अच्छा! अगर नहीं, तो बिना झिझक देखना बंद कर सकते हैं।

# इंडोनेशिया 3X3 राष्ट्रीय टीम 2025 फीबा एशिया कप के लिए तैयार, मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई करने का लक्ष्य

**जकार्ता :** इंडोनेशिया की 3७3 राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम के कोच फंदी एंडिका रमाधानी ने आशा व्यक्त की है कि उनकी टीम 2025 फीबा 3७3 एशिया कप के मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई करेगी। कोच ने शुक्रवार को इंडोनेशियाई बास्केटबॉल संघ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा,₹हमें उम्मीद है कि पुरुष और महिला दोनों टीमें मुख्य ड्रॉ में जगह बना सकेंगी।, 2025 फीबा 3७3 एशिया कप 26 से 30 मार्च तक सिंगापुर के ओसीबीसी स्क्वायर में आयोजित किया जाएगा। रमाधानी ने बताया कि टीम की तैयारी को अधिकतम स्तर पर ले जाने के लिए वे रक्षात्मक मजबूती और शॉट सटीकता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि ये दोनों पहलू टीम की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।उन्होंने कहा कि वह इस साल के टूनामेंट में कड़ी मेहनत करेंगे और मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेंगे। इंडोनेशिया की पुरुष 3७3 राष्ट्रीय टीम क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप ए में मलेशिया, चीन के हांगकांग, बहरीन और गुआम के खिलाफ मुकाबला करेगी। वहीं, इंडोनेशिया की महिला 3७3 राष्ट्रीय टीम ग्रुप डी में तुर्कमेनिस्तान, चीन के मकाओ और पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ खेलेगी।



# खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 (राउंडअप): रमेश शंगुमन के लिए दोहरी खुशी, तमिलनाडु के एथलीटों ने की दमदार शुरूआत

**नई दिल्ली :** तमिलनाडु के रमेश शंगुमन ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 और पुरुषों की 100 मीटर टी53/टी54 स्पधाओं में दो स्वर्ण पदक के साथ दोहरी सफलता हासिल की। दिन के अंत तक 44 स्वर्ण पदक तय हो चुके थे और तमिलनाडु ने उनमें से 9 पदक जीते थे। हरियाणा 7 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश 5-5 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। तिरुचिरापल्ली के मन्नथमपट्टी गांव के एक किसान परिवार से



ताल्लुक रखने वाले शंगुमन को उस समय बड़ा झटका लगा जब आठ साल की उम्र में एक ट्रक दुर्घटना में उनके पैर कट गए। हालांकि, उन्होंने इस झटके को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और खेलों में शामिल हो गए। उन्होंने पैरा बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में शुरूआत की, लेकिन फिर व्हीलचेयर रेसिंग में चले गए। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी जीत के बारे में साई मीडिया से बात करते हुए शंगुमन ने कहा, ₹मैंने अपने जीवन में बहुत संघर्षों का सामना किया है। मुझे कुछ हासिल करना है। हर दिन बस आता है और चला जाता है। लेकिन मुझे अपना नाम बनाने की इच्छा थी। मुझे खुद को साबित करना है। मैं हर दिन खुद को प्रेरित करता हूं। अब मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं। 2023 में पहले डक्ळत्र् में मैंने कांस्य पदक जीता, इस बार मैंने स्वर्ण पदक जीता। मेरा परिवार बहुत बड़ा है। उनके बिना मैं पदक विजेता नहीं बन सकता था। उधर, इंदिरा गांधी स्टेडियम में पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता का यह दूसरा दिन था। शुक्रवार को पेरिस पैरालिंपियन नितेश कुमार और टोक्यो पैरालिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट कृष्णा नागर जैसे खिलाड़ियों ने अपना दबदबा दिखाया। दूसरी ओर, संजीव कुमार ने क्वार्टर फाइनल में पहली वरीयता प्राप्त मंजूनाथ चिक्कैया को 21-13, 21-6 से हराकर खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का पहला उलटफेर करके सबको चौंका दिया।

# 113 साल का हुआ बिहार, राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने दीं शुभकामनाएं

एजेंसी

**पटना :** बिहार का आज यानि शनिवार को स्थापना दिवस है। बिहार आज 113 साल का हो गया। बिहार दिवस को लेकर केन्द्र से लेकर राज्य ने मंत्रियों ने शुभकामनाएं दी हैं। पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस को लेकर भव्य आयोजन भी किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिहार के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के बल पर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देते रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्न पर लिखा कि



बिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केंद्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़ संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएँ। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में ठऊअ सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूँ। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अतुल्य परंपरा, शौर्य एवं ज्ञान की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएँ देता हूँ। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से सदैव सम्पूर्ण विश्व को आलोकित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार का इतिहास गौरवशाली है और हम वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। विकसित बिहार के सपने को साकार करने में भागीदारी के लिए मैं आप सभी का आह्वान करता हूं। हम सब मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार के 113वें स्थापना दिवस पर सभी बिहार वासियों को अनंत शुभकामनाएं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली, बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से पूरे विश्व को आलोकित किया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि, ₹ज्ञान, प्रतिभा, ऐतिहासिक गौरव, विद्वता, साधना, अहिंसा, संस्कृति, शौर्य, पराक्रम, प्रेम की पुण्यधरा और लोकतंत्र की जननी- बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

# विश्व जल दिवस : रन फॉर क्लीन गंगा मैराथन में जमकर दौड़ी काशी, युवाओं में दिखा उत्साह

- राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' और मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अफसरों ने भी की भागीदारी

एजेंसी

**वाराणसी :** विश्व जल दिवस पर शनिवार को श्री संकट मोचन फाउंडेशन व मदर्स फॉर मदर के संयुक्त तत्वावधान में अविरल और निर्मल गंगा के लिए आयोजित रन फॉर क्लीन गंगा मैराथन में युवाओं ने पूरे उत्साह से दौड़ लगाई। डाउन स्ट्रीम भैंसासुर घाट ( राजघाट) से अप स्ट्रीम तुलसीघाट तक लगभग 06 किमी की दूरी की मैराथन दौड़ में प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल सहित शहर के विशिष्ट जनों ने भी भागीदारी की।



मैराथन दौड़ के लिए भैंसासुर घाट से लगायत तुलसीघाट तक कुल छह किमी के अंतराल पर सात स्पॉट भैंसासुर घाट (राजघाट आरंभ स्थल), मच्छोदरी कम्पोजिट विद्यालय, मैदागिन चौराहा, कोतवाली थाना चौक, जंगमबाड़ी मठ, होटल शिवाय ( शिवाला), तुलसीघाट ( समाप्ति स्थल ) बनाए गए थे। इन स्टालों पर फाउंडेशन के वालेंटियर अल्पाहार के साथ उपस्थित रहे। राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बताया कि विश्व जल दिवस पर संकट मोचन फाउंडेशन की ओर से 06 किमी दूरी का मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। मां गंगा और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ जल की महत्ता को बताने के लिए दौड़ का आयोजन हुआ। इसके पहले विश्व जल दिवस पर संकटमोचन फाउंडेशन ने पूर्व में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर जनता को गंगा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया है। इस वर्ष पूरे नगर की जनता को जोड़ने के लिए पिछले वर्षों तक गंगा किनारे हो रहे कार्यक्रम को सड़क मार्ग पर लाया गया। श्री संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने बताया कि रन फॉर क्लीन गंगा का उद्देश्य गंगा प्रदूषण मुक्ति के लिए जन जागरूकता के लिए पूरे नगर को जोड़ना है। गंगा प्रदूषण निवारण व स्वच्छता के लिए यह संकट मोचन फाउंडेशन 1997 से गंगा के घाटों को स्पर्श करते हुए असि घाट से वरुणा संगम तक मानव श्रृंखला बनाकर जनता को इसके प्रति जागरूक करने का कार्य करती आ रही है। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ में महिला व पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आए विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा दौड़ में भाग लेने वालों को रन फॉर क्लीन गंगा का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में शांति है और किसी को कोई डर नहीं है : सुनील शर्मा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां शांति है और किसी को कोई डर नहीं है। शर्मा ने कहा कि शांति और विकास को पूरे देश में तथा जम्मू-कश्मीर में लोगों द्वारा महसूस किया जा रहा है। यह आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों का परिणाम है, खासकर अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद और आतंकवाद के पीछे के ढांचे पर प्रहार किया गया जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी स्थानीय स्तर पर भर्ती नहीं कर पाए, सड़कों पर पत्थरबाज नहीं हैं और पर्यटक स्वतंत्र रूप से घूम रहे हैं। शांति है और किसी को कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि समय के साथ स्थिति में सुधार होगा। उनकी टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुक्रवार को दिए गए उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

# राजस्थान में पश्चिमी हवा चलने से 25 मार्च से मौसम बदलने की संभावना

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर और उत्तरी हवा चलने से तापमान सामान्य हो गया है। प्रदेश में शुक्रवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, सभी शहरों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 24 मार्च तक लोगों को गर्मी से राहत रहेगी और 25 मार्च से हवा की दिशा बदल सकती है। इसके साथ ही पश्चिमी हवा का असर बढ़ेगा और तापमान बढ़ने के साथ गर्मी तेज होने लगेगी। जयपुर मौसम विज्ञान केन्द्र ने राजस्थान में अगले तीन दिन उत्तर-पूर्वी हवा के असर से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की और आसमान साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान 33 से 38 डिग्री सेल्सियस



के बीच रह सकता है। 25-26 मार्च से राजस्थान में हवा पश्चिमी दिशा से आने लगेगी। एंटी साइक्लोन सिस्टम बनने की संभावना है। इसके कारण तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। उत्तर-पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। इससे पहले दिन में इन शहरों में धूप रही। कल दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 37.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जालोर में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 35.2, जोधपुर में 35.4, बीकानेर में 35.3, चूरू में 33.9, श्रीगंगानगर में 33.8, उदयपुर में 32.6, चित्तौड़गढ़ में 36, कोटा में 34.4 और अजमेर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जयपुर में शुक्रवार शाम को मामूली ठंड रही। दिनभर आसमान साफ रहा और हल्की हवा चली। जयपुर के आसपास के जिले सीकर, दौसा में भी सुबह-शाम हल्की ठंडक रही।

## नियंत्रण खो देने के बाद वाहन दुर्घटनाग्रस्त, सात यात्री घायल

**पुंछ :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शेर-ए-कश्मीर ब्रिज के पास एक वाहन के नियंत्रण खो देने और दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सात यात्री घायल हो गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार वाहन (पंजीकरण संख्या जेके12 1451) सुरनकोट से पुंछ जा रहा था जब वाहन पुल पर पहुँचा तो अचानक वाहन चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पुल के किनारे से टकरा गया जिसके परिणामस्वरूप सात यात्री घायल हो गए। स्थानीय निवासी और पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुँचे और घायलों को जिला अस्पताल पुंछ पहुँचाया जहाँ उनका वर्तमान में उपचार चल रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी घायल व्यक्ति खतरे से बाहर हैं। घायलों की पहचान के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है।

# मणिपुर में उग्रवादी संगठनों के छह कैडर गिरफ्तार

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी संगठनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षा बलों ने अलग-अलग संगठनों के छह सक्रिय कैडर गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने आज सुबह यह जानकारी दी।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार,सुरक्षा बलों ने आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर लैशराम रोमन मैतेई (46) को इंफाल ईस्ट जिले के अंड्रो-थाना क्षेत्र के उचोल माखा लेकै से गिरफ्तार किया। वह जनता से जबरन वसूली करता था। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक वॉलेट जब्त किया गया। इसके अलावा मणिपुर पुलिस ने केसीपी (अपुनबा) के तीन सक्रिय कैडरों को इंफाल वेस्ट जिले से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान मुतुम जैक्सन मैतेई (20), अकोइजम संजॉय सिंह (19) तथा नोंगथोम्बम गोपेन सिंह (59) के रूप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, मुतुम जैक्सन मैतेई अकोइजम संजॉय सिंह और नोंगथोम्बम गोपेन सिंह के पास से एक इंसास राइफल (मैगजीन में तीन गोलियां), एक 9एमएम पिस्तौल (मैगजीन में दो गोलियां), दो एयर गन, एक डबल बैरल गन, एक लाथोड गन का बॉडी पार्ट, एक इंसास एलएमजी की दोषपूर्ण मैगजीन, एक एसएलआर राइफल की मैगजीन, एक 7.62 एलएमजी की कटी हुई मैगजीन और एक लाथोड शेल और एक टीयर स्मोक शेल मिला है।मणिपुर पुलिस ने निंगथौजम चालाम्बा सिंह (28) को गिरफ्तार किया है। वह पहले पकड़े गए तीन उग्रवादियों का कमांडर है। उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। एक अन्य कार्रवाई में मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने केसीपी-पीडब्ल्यूजी के एक सक्रिय कैडर थांगमंगजम नाओबा सिंह (28) उर्फ पामुबा को इम्फाल वेस्ट जिले के मयांग लांगजिंग बाजार से गिरफ्तार किया। वह इंफाल क्षेत्र में पत्थर क्रशर, दुकानों और आम जनता से जबरन धन वसूली करता था।

# केदारनाथ यात्रा के लिए घोडा-खच्चरों का पंजीकरण शुरू

## जनपद के अलग-अलग स्थानों पर संचालित किए जाएंगे 22 शिविर

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग :** आज से केदारनाथ यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच और पंजीकरण शुरू हो गया है। आगामी 10 अप्रैल तक जनपद में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर पशुपालन विभाग जी-मैक्स कंपनी की मदद से घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण करेगा। पहले चरण में यात्रा के लिए 5000 घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण किया जाएगा। इस बार, घोड़ा-खच्चरों पर इंटरनल टैग भी लगाया जा रहा है, जिसे स्कैन करने पर पशु के स्वास्थ्य, पशु संचालक और पशु स्वामी के बारे में जानकारी मिलेगी। यात्राकाल में घोड़ा-खच्चरों की निगरानी के लिए पैदल मार्ग पर टॉस्क फोर्स तैनात की जाएगी। आगामी 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा में इस बार घोड़ा-खच्चरों के संचालन की व्यवस्था को और बेहतर किया जा



रहा है। शनिवार से ऊखीमठ ब्लॉक के पिठोरा में पशु जांच व पंजीकरण शिविर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिविरों में घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य की जांच के साथ ही बीमा किया जाएगा। साथ ही घोड़ा-खच्चर के स्वामी और संचालक की जानकारी भी पंजीकृत की जाएगी। मुख्य पशुपालन अधिकारी डा. आशीष सिंह रावत ने बताया कि जनपद के अगस्तयमुनि, जखोली और ऊखीमठ ब्लॉक के अलग-अलग स्थानों पर कुल 32 ?शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें यात्रा के लिए घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट के आधार पर पशुओं को यात्रा के लिए पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही घोड़ा-खच्चरों के गले की त्वचा की इंजेक्शन से इंटरनल टैग स्थापित किया जाएगा। इधर, सरकार ने इस बार यात्रा में संयुक्त निदेशक स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी के तौर पर तैनात किया जाएगा। क्या है इंटरनल टैग घोड़ा-खच्चरों के गले की त्वचा पर इंजेक्शन से स्थापित किया जाने वाला इंटरनल टैग एक चिप है। इस चिप में पशु के स्वास्थ्य की जांच, पशु स्वामी और पशु संचालक के बारे में जानकारी को अपलोड किया जाता है। इस चिप को स्कैन करते ही पूरी जानकारी स्क्रीन पर अंकित हो जाएगी। केदारनाथ यात्रा में घोड़ा-खच्चर सिर्फ यात्रियों को ढोने का काम नहीं करते, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का माध्यम भी है। यात्रा में घोड़ा-खच्चरों के संचालन से 25 हजार से अधिक परिवारों का भरण-पोषण होता है। एक घोड़ा के साथ कम से कम तीन लोग जुड़े होते हैं।

### रिकार्ड कारोबार हुआ

रुद्रप्रयाग। वर्ष 2024 में केदारनाथ यात्रा में घोड़ा-खच्चरों के संचालन से 1 अरब 25 करोड़ से अधिक का करोबार हुआ। जबकि वर्ष 2023 में 1 अरब 9 करोड़ और 2022 में 90 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ था।

## रामपुर में हेरोइन तस्करी करने वाली अंतर्राज्यीय सोनू गैंग का पदार्फाश, 11 गिरफ्तार

**शिमला :**शिमला जिला की रामपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर हेरोइन तस्करी में संलिप्त सोनू गैंग का पदार्फाश किया है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें दो मुख्य आरोपियों के बैंक खातों में 88 लाख रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ है। पुलिस ने अब तक इनकी करीब 9.22 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। दरअसल रामपुर पुलिस ने बीते 3 मार्च को सोहन लाल (25) निवासी करसोग और गीता श्रेष्ठ (25) निवासी ओट, मंडी के कब्जे से 26.68 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की थी। दोनों के पास से करीब 4.50 लाख रुपये के गहने और मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। इसके अलावा उनके बैंक खातों में जमा 4,72,537 रुपये को फ्रीज कर दिया गया है। जांच के दौरान रामपुर पुलिस ने पाया कि दोनों आरोपियों के बैंक खातों से अब तक करीब 88 लाख रुपये का लेन-देन हुआ है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी और 21 मार्च को मामले से जुड़े 9 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में जिन 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें आदितल राठौर (35), निवासी पलजारा, रामपुर, गगन (31), निवासी मैन बाजार, रामपुर, नवीन चौहान (26), निवासी कलमोग, ननखड़ी, राजन मैहता (33), निवासी लैलन, ननखड़ी, मोहित अग्रवाल (32), निवासी शीश महल, रामपुर, उज्जवल पंडित (30), निवासी मैन बाजार, रामपुर, संजीव कुमार (30), निवासी लालसा, डन्सा, रामपुर, कुशल चौहान (21), निवासी कराली, डन्सा, रामपुर औ? राजकुमार (31), निवासी मतरेवड, नोगली, रामपुर शामिल हैं।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर और द्वितीय तल के चित्र जारी

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर और द्वितीय तल के कई नए चित्र जारी किए हैं। मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रही है। मंदिर ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का शिखर और द्वितीय तल में निर्माण कार्य निर्धारित गति से चल रहा है। प्रत्येक कार्य के लिए योजना बनाकर समय निश्चित कर दिया गया है। निर्माण इकाई गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ तय समय को ध्यान में रखकर काम कर रही है। ट्रस्ट का यही प्रयास है कि मंदिर निर्माण का शेष बचा चार प्रतिशत कार्य हर हाल में जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक में भी ऐसी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई थी।

## युवती की आत्महत्या के बाद परिजनों ने शव को नहर में फेंका, पांच गिरफ्तार

**कानपुर देहात :** शिवली कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में रहने वाले एक परिवार ने अपनी ही बेटी के शव को बोरे में भर कर नहर में फेंक दिया। युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शनिवार को घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद राजीव सिरोही ने बताया कि आरोपितों में युवती के पिता मनोज, मां सोमवती, बड़ी बहन शिवानी, ताऊ कन्हैया लाल और कार चालक कानपुर के बिठूर निवासी प्रशांत उर्फ छोटू शामिल हैं। इन लोगों से पूछताछ में पता चला है कि उनकी बेटी प्रियांशी का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन वो लोग इसके खिलाफ थे। परिवार का दबाव बढ़ने पर युवती ने आत्महत्या कर ली। समाज में इज्जत खराब न हो, इसलिए परिवार ने युवती के शव को बोरे में भरकर रामगंगा नहर में फेंक दिया। नहर में फेंका गया शव सचेंडी थाना क्षेत्र के गांव धर्ममंगदपुर में 16 मार्च को मिला। इस पर खुद को बचाने के लिए परिजनों ने अगले दिन 17 मार्च को शिवली थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने शव की पहचान के बाद जब जांच कर कई जानकारियां जुटाई तो पूरे प्रकरण से पर्दा उठा। परिवारीजनों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। उन्होंने बताया कि बेटी के आत्महत्या कर लेने के बाद शव को उन लोगों ने ठिकाने लगाया था।

## नदी में नहाने गए दो दोस्तों की मौत

**उदयपुर :** सलूंबर जिले के सराड़ा क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम नदी पर नहाने गए दो दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। सराडा थाना अधिकारी हेमंत कुमार ने बताया कि सलूंबर के सराड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के हिमातो की भागल के पास गोमती नदी पर स्कूल से आने के बाद कुछ दोस्त नहाने गए थे। दोस्त नदी में नहा रहे थे कि इस दौरान दो दोस्त भरत और भावेश गहरे पानी में चले गए और डूब गए। स्थिति देखकर घबराए अन्य दोस्त शोर मचाते हुए गांव में गए और पूरी जानकारी दी। बाद में ग्रामीणों की भीड़ नदी पर पहुंची। सराड़ा पुलिस को सूचना देकर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बच्चों को खोजा और बाहर निकाला। बच्चों को सराड़ा सीएचसी लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने भरत पटेल (12) और भावेश पटेल (13) को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत के बाद परिवार में मातम मच गया और दोस्तों से लेकर गांव वाले सदमे में आ गए। मौके पर सराडा थाना अधिकारी हेमंत कुमार, एएसआई हेमराज, हिम्मत सिंह, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह, कर्मवीर, कांस्टेबल महेंद्र पाल ,कालूराम मौके पर पहुंचे। भारत पटेल पास के सेमारी गांव के निजी स्कूलों में पढ़ता था तो भावेश पटेल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिमातो की भागल में ही पढ़ाई कर रहा था। भावेश मूलत श्यामपुरा का निवासी है और वह हिमातो की भागल में अपने मामा के वहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। दोनों बच्चे इकलौते थे। भरत पांचवीं कक्षा में पढ़ता था और उसके पिता मोहनलाल मुंबई में नौकरी करते है तो भावेश भी पांचवीं में पढ़ता और उसके पिता कालूराम गुजरात में काम करते है।

## राष्ट्रगान के अपमान पर भाजपा मौन : सुरेन्द्र

**लखनऊ :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राष्ट्रगान के समय का एक वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। इस वीडियो को लेकर कांग्रेस पार्टी ने नीतीश कुमार पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राष्ट्रगान का अपमान नहीं सहा जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस मुद्दे पर भाजपा का मौन सवाल खड़े करता है। भाजपा अपने लोगों की अक्षम्य गलतियों को नजरअंदाज करती है और दूसरों की गलतियों को वोटों के लिए सड़क पर लेकर आती है। इस विषय पर भाजपा अपना रूख स्पष्ट करे नहीं तो जनता माफ नहीं करेगी।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर परिचर्चा में शामिल होंगे सुनील बंसल

**मुरादाबाद :** योमीना फाउंडेशन की ओर से मुरादाबाद में ह्यद पांचाल डायलॉगह्न के प्रथम संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में ह्यएक राष्ट्र-एक चुनाव : आवश्यकता एवं चुनौतियांह्न विषय पर संवाद किया जाएगा। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के अलावा अन्य वक्ता संवाद करेंगे। फाउंडेशन की निदेशक और कार्यक्रम की समन्वयक अंजलि चौहान ने शनिवार को बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च रविवार को अपराह्न 3 बजे से दिल्ली रोड स्थित टिमिट सभागार में किया जा रहा है। विधि और कानून के शोध एवं अध्ययन में संलग्न फाउंडेशन के फोरम शिवधानमश की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में राजनीतिक विशेषज्ञ के रूप में सुनील बंसल, विधि विशेषज्ञ के रूप में राज्यपाल सचिवालय, असम के सलाहकार प्रोफेसर हरबंश दीक्षित, प्रशासनिक विशेषज्ञ के रूप में मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार अभिनव अभिन्न रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में परिचर्चा के साथ ही श्रोताओं को भी सवाल जवाब का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में विधि के विद्यार्थी, शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, चार्टेड अकॉउंटेंट, पत्रकार आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी वर्ग के लिए एक अच्छी परिचर्चा सुनने को मिलेगी।

## शासकीयकरण की मांग पर पंचायत सचिवों की हड़ताल जारी, कामकाज ठप

**बलरामपुर :** पंचायत सचिव संघ ने शासकीयकरण की मांग को लेकर 17 मार्च से कुसमी के दुर्गा बाड़ी पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इससे पंचायतों का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। ग्रामीण अपने काम के लिए पंचायत भवन पहुंच रहे हैं, लेकिन बिना काम कराए वापस लौट रहे हैं। प्रदेश महासचिव सूरजमल सोनी ने आज शनिवार को बताया कि चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी वाले घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों को 100 दिन के भीतर शासकीयकरण करने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने अब तक इस पर अमल नहीं किया। इसी कारण सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, हड़ताल जारी रहेगी।

# अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरा ट्रैक्टर, दो युवकों की मौत

मेट्रो रेज

**दुमका :** जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया है जिसमें 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि सरैयाहाट-गादीझोपा मुख्य सड़क का है। बताया जा रहा है कि एक ट्रैक्टर सरैयाहाट की ओर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। ट्रैक्टर पर बैठे 2 युवक नीचे गिर गए और ट्रैक्टर में मौजूद लोहे छड़ के नीचे दोनों युवक दब गए जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर और छड़ को जब्त कर लिया है। घटना के बाद दोनों युवकों का रो रोकर बुरा हाल है।



## मालगाड़ी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**पलामू :** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा ओवरब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग के पार करने के दौरान बाइक सवार युवक मालगाड़ी से टकरा गया । जिससे 20 वर्षीय कंचन कुमार राज की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात 2:45 बजे की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी मुगलसराय से बरवाडीह की ओर जा रही थी। मृतक युवक जीएलए कॉलेज के पास का रहनेवाला था। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी ट्रेन मुगलसराय से बरवाडीह की ओर जा रही थी, इसी क्रम में रेड़मा ओवर ब्रिज के नीचे से रेलवे पटरी से युवक बाइक पार करने की कोशिश कर रहा था। उसी वक्त उसकी मोटर साइकिल पोल संख्या 286/6 के पास मालगाड़ी से टकरा गयी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। तत्काल 108 एंबुलेंस पर कॉल किया गया। लेकिन 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद रेलवे अधिकारियों के द्वारा टेंपो से घायल युवक को एमएमसीएच भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बाइक नंबर (जेएच 03 एच 8691) पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दो ट्रैक के बीच युवक की बाइक फंसी हुई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मृतक युवक के परिजन सूचना मिलते ही अस्पताल में पहुंच गये। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के नीचे रेलवे पटरी से किसी भी तरह का दोपहिया वाहन का आने- जाने का रास्ता नहीं है। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर इतनी रात को वह युवक वहां कैसे पहुंचा। जिससे उसकी बाइक मालगाड़ी से टकरा गयी।

कोडरमा पहुंची अन्नपूर्णा देवी ने घोड़थंबा मामले पर सरकार को घेरा, कहा-

# सरकार की निष्क्रियता से हो रही ऐसी घटनाएं

संवाददाता

**कोडरमा :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शनिवार को कोडरमा पहुंचीं। यहां उन्होंने गिरिडीह जिला के घोड़थंबा में हुए विवाद के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश सरकार पर निशाने पर लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। राज्य सरकार की निष्क्रियता और खुफिया विभाग की विफलता के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। अब लोग अपने पर्व और त्योहार को किस तरह खुशनुमा माहौल में मनाए, इसे लेकर भी चिंता सताने लगी है।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि घटना के बाद जिस तरह से पुलिस नाप-तोल के और तराजू को बराबर करने की कार्रवाई कर रही है, जबकि इस घटना में जो लोग निर्दोष हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वे आज घोड़थंबा जा रही हैं और वहां जाकर पीड़ितों से मिलकर उनका हाल-चाल जानेंगी।

वहीं दूसरी तरफ घोड़थंबा मामले पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर भी केंद्रीय मंत्री ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मंत्री इरफान अंसारी की बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता है, वे सिर्फ अनाप-शनाप बोलते रहते हैं।



वहीं दूसरी तरफ मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं की परेशानियों पर मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह सरकार का चुनावी मुद्दा था और चुनाव खत्म होने के बाद जनता योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय के चक्कर काट रही हैं। जिसके कारण एक तरफ उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है तो दूसरी तरफ उन्हें बेवजह भाग-दौड़ करनी पड़ रही है।

## रोड सेल में कोयला नहीं मिलने पर ठप कराया ट्रांसपोर्टिंग

**उरीमारी :** सीसीएल बरका-सयाल क्षेत्र की सयाल डी परियोजना के रोड सेल में पर्याप्त कोयला नहीं मिलने पर शुक्रवार को रोड सेल संचालन समिति व ग्रामीणों ने पीएसएमइ व आरए माइनिंग के ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप करा दिया। लोगों का कहना था कि प्रबंधन रोड सेल में रोजाना कम से कम तीन हजार टन कोयला दे, ताकि रोड सेल से जुड़े लोगों को रोजगार की दिक्कत न हो। रोड सेल में फिलहाल छह-सात सौ टन कोयला दिया जा है। करीब छह घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग रहने के बाद परियोजना कार्यालय में समिति व प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। इसमें पीओ एसएस सिंह ने समिति को आश्वस्त किया कि रोड सेल में रोजाना पर्याप्त कोयला मिलेगा। आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। आंदोलन में पूर्व मुखिया दयानंद प्रसाद, उपाध्यक्ष पिंकू कुमार, फलेंद्र प्रसाद, ललन प्रसाद, सुरेश गिरि, अरविंद प्रसाद, अजय प्रसाद, राजदीप प्रसाद, नितेश कुमार, छोटू साहू, किशन प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजकुमार, कलेश प्रसाद, बबलू प्रसाद, अमित प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, बंधु करमाली,जगेश करमाली, विनोद मुंडा, संदीप कुमार, मनोज कुमार, सोहन, जगदीश, जनक, श्रवण, भोला, मिथिलेश शामिल थे।

## रामगढ़ 500 साल पुराने राधा कृष्ण की मूर्ति चोरी, शिकायत दर्ज



संवाददाता

**रामगढ़ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हो गयी हैं। लगातार चोरी की घटना से लोग सहमे हैं। चोरों का सॉफ्ट टारगेट मन्दिर में रखे दान पेटी एवं कीमती मूर्ति बन गये है। ताजा मामला चितरपुर प्रखण्ड के मारंगमरचा पंचायत स्थित सोंढ गांव का है। जहां बने वर्षों पुराना ठाकुर बाड़ी मंदिर में गुरुवार रात्रि असामजिक तत्वों द्वारा मंदिर में स्थापित लाखों रुपए की मूर्ति की चोरी कर ली गयी है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने थाने में आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में बताया कि अष्टधातु से बने लगभग 500 वर्ष पुराना राधा कृष्ण का मूर्ति जो लाखों की कीमत की थी, जिसे असामजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पूर्व काली मंदिर में हुई थी चोरी रजरप्पा स्थित दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में बीते 8 मार्च की मध्य रात्रि को मंदिर प्रक्षेत्र के छह मंदिरों के दानपेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बंद दानपेटी में रखे हजारों रुपये की चोरी कर ली थी। इस बाबत मंदिर स्थित कुमुद प्रीता साधना आश्रम के मैनेजर अजय कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। आवेदन के अनुसार मैनेजर अजय कुमार का कहना है की मंदिर प्रक्षेत्र के छह मंदिरों के दानपेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सारे रुपये ले उड़े थे।

## भजन के साथ गुरुद्वारा का उद्घाटन

**भुरकुंडा:** जीर्णोद्वार के बाद नये गुरुद्वारा का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन के लिए चार दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का दौर चला। उद्घाटन के बाद थाना मैदान में दिनभर अटूट लंगर चला। इससे पूर्व, अखंड पाठ का समापन हुआ। भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किया। उद्घाटन कार्यक्रम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कार सेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह व श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह के अलावा कई धर्मगुरु शामिल हुए। जमशेदपुर अखाड़े के बाबा बंदा सिंह बहादुर गतका, अकालदाढ़ी जत्था व महिपाल सिंह रागी जत्था ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह में जिंदल स्टील प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह भाटी ने कहा कि इस गुरुद्वारे की भव्यता की चर्चा दूर-दूर तक हो रही है। कंपनी अपने स्तर से हरसंभव सहयोग करती रहेगी। मौके पर झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता समेत विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी को गुरु सिंह सभा ने मोमेंटो व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में भुरकुंडा गुरुद्वारा सिंह सभा के ग्रंथी बाबा धीरज सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा, तजेंद्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेंद्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह धामी, जसपाल सिंह, रिंकू धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रीत सिंह, संदीप सिंह, सोनू सिंह, पीयूष सिंह, अंग्रेज सिंह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनीता कौर, संगीता कौर, जया कौर, अमरजीत कौर, जसमीत कौर, रेखा कौर, दलविंदर कौर, रिंकी कौर राज कौर, शीतल कौर, अमृत कौर, उषा कौर, पूनम कौर, अंग्रेज सिंह, बबली कौर, बलजीत कौर, राजरानी कौर, करम, कमलेश का योगदान रहा।

# सरकारी स्कूल की कक्षा से मिला एक व्यक्ति का शव

संवाददाता

**जमशेदपुर:** जिले के कुंवर सिंह रोड स्थित एक सरकारी स्कूल की दूसरी मंजिल पर स्थित क्लासरूम में एक स्थानीय युवक का शव मिलने से इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान उलिथी निवासी 24 वर्षीय सौरभ शर्मा के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस स्कूल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने और अपराधियों की पहचान करने के लिए गहन जांच कर रही है। शर्मा के परिजनों ने बताया कि वह गुरुवार शाम को घर से निकला था। उन्होंने बताया कि शर्मा से आखिरी बार रात करीब नौ बजे मोबाइल पर संपर्क हुआ था और उसके बाद उसका मोबाइल फोन नहीं लग पाया। शर्मा के रात घर नहीं लौटने पर चिंतित उसके परिजनों और रिश्तेदारों ने आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला जब स्थानीय लोगों ने स्कूल के अंदर खून से लथपथ शव देखा और अधिकारियों को सूचना दी। खबर तेजी से फैली और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।



शर्मा के परिवार के सदस्य कुछ ही देर बाद वहां पहुंचे और शव की पहचान की। घटनास्थल पर मौजूद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आश्वासन दिया कि अपराधियों की पहचान करने और मामले को जल्द सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी कोणों से जांच कर रहे हैं और दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करेंगे।

## जनता दरबार में 70 लोगों ने रखी अपनी- अपनी समस्याएं कई का ऑन स्पॉट निष्पादन



संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जिला समाहरणालय में शुक्रवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जनता दरबार लगाया। इसमें 70 से ज्यादा लोगों ने सामाजिक व निजी समस्याओं को रखा। जिसमें स्थानांतरण, जमीन विवाद, इलाज में सहयोग, सड़क समस्या, रोजगार, मजदूरी भुगतान, सरना, जाहेर स्थान समेत अन्य मूलभूत समस्याएं शामिल थी। डीसी ने कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। वहीं कई आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। डीसी ने पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## आंधी-बारिश से कई जगह पेड़ गिरे, बिजली आपूर्ति प्रभावित



संवाददाता

**चक्रधरपुर :** तेज आंधी व बारिश से चक्रधरपुर शहरी व ग्रामीण इलाके में कई जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली के पोल उखड़ गए। पेड़ों की डालियां गिरने से कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई इलाकों में गुरुवार शाम से शुक्रवार शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। शहरी क्षेत्र में बिजली मिस्त्रियों की कड़ी मशक्कत के बाद शुक्रवार शाम 5 बजे के बाद बिजली बहाल हो सकी। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली अभी भी कटी हुई है। बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलापूर्ति पर भी असर पड़ा। बिजली नहीं रहने से शहरी क्षेत्र के दफतरों व दुकानों में भी दिक्कतों का सामाना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली विभाग के कनीय अभियंता अजय हंस ने बताया कि गुरुवार शाम आई तेज आंधी व बारिश के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूटकर गिर गए। कई स्थानों पर बिजली के पोल भी उखड़ गए थे, जिसे ठीक करने में समय लग गया। उन्होंने बताया कि अभी भी कई स्थानों पर टूटे तार व पोल को ठीक करने का कार्य जारी है।

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक संपन्न

# भव्य गरिमा और सनातन परंपराओं के साथ मनेगी रामनवमी

- सात अप्रैल को शोभायात्रा सह विसर्जन
- 153 लाइसेंसी और 13 गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों ने लिया हिस्सा



संवाददाता

**जमशेदपुर :** रामनवमी महोत्सव की तैयारी और सफलता को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, जमशेदपुर की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को साकची स्थित उत्कल एसोसिएशन सभागार में हुई। समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में 153 लाइसेंसी और 13 गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी महोत्सव को पूरी भव्यता, गरिमा और सनातन परंपराओं के अनुरूप मनाया जायेगा। पूरे शहर में विभिन्न अखाड़ों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो सनातन संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेगी। इसके लिए सभी अखाड़ा समितियां अपने-अपने क्षेत्र में बैठक कर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित जुलूस निकालने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि अखाड़ों की शोभायात्रा सह विसर्जन 7 अप्रैल को संपन्न होगा। इस दौरान प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा, व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में जय श्री राम के उद्घोष के साथ संकल्प लिया गया कि पूरे आयोजन को मयार्दा, भव्यता और ससमय के साथ संपन्न कराना है, जिससे रामनवमी महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण बने।

**समस्याओं को लेकर अखाड़ा समितियों ने दिये सुझाव :** बैठक में विभिन्न अखाड़ा समितियों ने महोत्सव की तैयारियों के दौरान आ रही समस्याओं को रखा और प्रशासन से समाधान की अपील की।

**नारायण अखाड़ा, मानगो:** डिमना रोड पर जुलूस के दौरान यातायात अव्यवस्था और श्रद्धालुओं को होने वाली कठिनाइयों का मामला उठाया।

**सूरज अखाड़ा, सोनारी:** मैदान पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठाया।

**टिनप्लेट अखाड़ा:** झंडा पूजन स्थल के ठीक सामने डस्टबिन लगाये जाने पर आपत्ति जतायी और इसे अपमानजनक बताते हुए तत्काल हटाने की मांग की।

**काली मंदिर अखाड़ा, बागबेड़ा:** घाट की सफाई और स्वच्छता की आवश्यकता पर जोर दिया।

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखा जाएयेगा और त्वरित समाधान का प्रयास किया जायेगा।बैठक में महासचिव भूपेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष शंभू मुखी मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, संरक्षक शंभू सिंह, नीरज सिंह, भीष्म सिंह, दिवाकर सिंह, शंकर रेड्डी, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रमोद तिवारी, राजेश सिंह, नंदलाल सिंह, परमात्मानंद मिश्रा, अजय रजक, अनिल सिंह, महेश खेड़ा, दीपक यादव, कमलेश दुबे, केवी नरसिम्हा राव, समीर राज लालू, संतोष कालिंदी, शैलेश गुप्ता, रॉकी सिंह, श्यामलाल साहू, पप्पू यादव समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।